रविवार, 4 जनवरी 2026

**मौसम**

तापमान 14 – 24
आर्द्रता 68%
सूर्योदय: 06:17 सूर्यास्त: 17:05

विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

www.samagya.in

# समाज्ञा



दुर्लभ तीर्थ – गंगासागर

पृष्ठ 6

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

कोलकाता, माघ कृष्णपक्ष प्रतिपदा, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 4.00 रुपये

सुविचार : सब भाषाएं इंसान की हैं, परमात्मा की भाषा तो प्रेम की है।

# अमेरिका ने वेनेजुएला पर किया हमला

## कहा- राष्ट्रपति मादुरो को पकड़कर देश से बाहर ले जाया गया

**भारत ने अपने नागरिकों को वेनेजुएला की गैर-आवश्यक यात्रा से बचने की सलाह दी**



**काराकस (वेनेजुएला) :** अमेरिका ने शुक्रवार देर रात को वेनेजुएला पर ''बड़े पैमाने पर हमले'' किये और कहा कि देश के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को पकड़ लिया गया है और देश से बाहर ले जाया गया है। मादुरो और उनकी पत्नी को सैन्य अड्डे स्थित उनके घर से रात में पकड़ा गया। उन्हें एक अमेरिकी युद्धपोत पर बैठाकर न्यूयॉर्क ले जाया जा रहा है, जहां उन्हें आपराधिक आरोपों का सामना करना था। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शनिवार को 'फॉक्स न्यूज' पर कहा कि अमेरिका अब वेनेजुएला के लिए आगे के कदमों का आकलन कर रहा है। उन्होंने कहा, ''हम इसमें पूरी तरह से शामिल रहेंगे। हम इसका जोखिम नहीं उठा सकते कि कोई और कमान संभाले।'' हमले के लिए विधिक प्राधिकार और क्या ट्रंप ने इससे पहले कांग्रेस से परामर्श किया था- अभी तत्काल स्पष्ट नहीं है। किसी देश के वर्तमान नेता को पद से हटाने की यह चौंकाने वाली, त्वरित अमेरिकी सैन्य कार्रवाई 1990 में पनामा के अमेरिकी आक्रमण की याद दिलाती है। पनामा पर हमले के दौरान उसके नेता मैनुएल एंटोनियो नोरिएगा ने आत्मसमर्पण किया था और उन्हें पकड़ लिया गया था। अमेरिकी सरकार मादुरो को मान्यता नहीं देती थी, जो आखिरी बार शुक्रवार को काराकस में चीनी अधिकारियों के एक प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात करते हुए सरकारी टेलीविजन पर दिखाई दिए थे। मादुरो और अन्य वेनेजुएला अधिकारियों को 2020 में नार्को-आतंकवाद साजिश के आरोप में अभ्यारोपित किया गया था, लेकिन न्याय विभाग ने शनिवार को मादुरो और उनकी पत्नी, सिलिया फ्लोरेस के खिलाफ एक नया अभियोग जारी किया, जिसमें उन पर नार्को-आतंकवाद साजिश में भूमिका निभाने का आरोप लगाया गया है।

### वेनेजुएला में सुरक्षित सत्ता हस्तांतरण तक अमेरिका प्रशासन संभालेगा : ट्रंप

**वाशिंगटन :** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शनिवार को कहा कि वेनेजुएला में सुरक्षित सत्ता हस्तांतरण होने तक अमेरिका उस देश का प्रशासन संभालेगा। ट्रंप ने कहा कि सत्ता हस्तांतरण होने तक अमेरिका वेनेजुएला का प्रशासन चलाएगा। उन्होंने दावा किया कि अमेरिकी उपस्थिति पहले से ही स्थापित है, हालांकि इस बात के तत्काल कोई संकेत नहीं थे कि अमेरिका देश चला रहा है। ट्रंप ने कहा, ''हम लातिन अमेरिकी देश की बागडोर तबतक संभालेंगे जब तक हम एक सुरक्षित, उचित और विवेकपूर्ण सत्ता हस्तांतरण नहीं कर लेते।'' ट्रंप ने दावा किया कि विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने वेनेजुएला के उपराष्ट्रपति से उस देश को 'फिर से महान बनाने' के बारे में बात की है।

### अमेरिकी न्याय विभाग ने मादुरो, उनकी पत्नी के खिलाफ नया अभियोग लगाया

अमेरिकी न्याय विभाग ने वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो और उनकी पत्नी के खिलाफ एक नया अभियोग लगाया है। नये वीडियो में ''मादुरो पर एक 'भ्रष्ट, अवैध सरकार' का नेतृत्व करने का आरोप लगाया गया है, जिसने दशकों से मादक पदार्थों की तस्करी समेत अवैध गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए सरकारी ताकत का दुरुपयोग किया है।''

# बांग्लादेश में हमले के तीन दिन बाद हिंदू व्यापारी की मौत

**ढाका/नयी दिल्ली :** बांग्लादेश में तीन दिन पहले बर्बर हमले के बाद आग के हवाले किए गए एक हिंदू व्यापारी की शनिवार को मौत हो गई। अल्पसंख्यक समुदाय के एक नेता ने यह जानकारी दी। बांग्लादेश हिंदू बौद्ध ईसाई एकता परिषद के प्रवक्ता काजोल देबनाथ ने कहा कि दिसंबर से हिंदू समुदाय के किसी व्यक्ति की यह पांचवीं मौत है और बांग्लादेश में कट्टरपंथी समूह अल्पसंख्यक समुदायों को डराने-धमकाने की कोशिश कर रहे हैं। खोकोन चंद्र दास (50) पर बुधवार रात को शरीयतपुर जिले के केउरभंगा बाजार के पास उस समय हमला किया गया जब वह अपनी दुकान बंद करके घर लौट रहे थे। देबनाथ ने कहा, ''तीन दिनों तक जीवन के लिए संघर्ष करने के बाद दास का शनिवार सुबह निधन हो गया।'' मीडिया में आयी खबर में बृहस्पतिवार को बताया गया था कि दवा की दुकान और मोबाइल बैंकिंग का व्यवसाय करने वाले दास एक ऑटो रिक्शा में यात्रा कर रहे थे, तभी हमलावरों ने वाहन को रोक लिया और कथित तौर पर उनकी पिटाई की, धारदार हथियारों से वार किये और फिर उनपर पेट्रोल डालकर आग लगा दी।

# विधानसभा चुनाव से पहले तृणमूल कांग्रेस को झटका, मौसम नूर की कांग्रेस में वापसी

**सोमवार को राज्यसभा सदस्य के पद से देंगी इस्तीफा**



**नई दिल्ली/कोलकाता :** विधानसभा चुनाव से पहले तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) को बड़ा राजनीतिक झटका लगा है। टीएमसी की राज्यसभा सांसद मौसम नूर ने शनिवार को फिर से कांग्रेस का दामन थाम लिया। मौसम नूर का राज्यसभा कार्यकाल अप्रैल में समाप्त हो रहा है और उनके आगामी विधानसभा चुनाव में मालदह से चुनाव लड़ने की संभावना जताई जा रही है। 46 वर्षीय मौसम नूर इससे पहले 2009 से 2019 तक कांग्रेस के टिकट पर मालदह से दो बार लोकसभा सांसद रह चुकी हैं। शनिवार को उन्होंने कांग्रेस मुख्यालय में औपचारिक रूप से पार्टी की सदस्यता ली। इस मौके पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश, एआईसीसी महासचिव गुलाम अहमद मीर और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष शुभंकर सरकार मौजूद रहे। सभी नेताओं ने मौसम नूर का पार्टी में स्वागत किया और इसे पश्चिम बंगाल में कांग्रेस को मजबूती देने की दिशा में अहम कदम बताया। इस दौरान, मौसम नूर ने कहा कि मैं कांग्रेस पार्टी को फिर से उनके साथ काम करने का मौका देने के लिए धन्यवाद देती हूं। मैंने पहले ही तृणमूल कांग्रेस से इस्तीफा दे दिया है। मैंने अपना इस्तीफा तृणमूल कांग्रेस चेयरपर्सन ममता दीदी को सौंप दिया है और मैं सोमवार को राज्यसभा से भी इस्तीफा दे दूंगी। आज से मैं कांग्रेस में शामिल हो गई हूं और मैं पार्टी को मजबूत करने के लिए बहुत मेहनत करूंगी क्योंकि बंगाल के लोग, मालदह के लोग, कांग्रेस में विश्वास करते हैं, वे कांग्रेस की धर्मनिरपेक्षता, विकास और शांति की विचारधाराओं में विश्वास करते हैं।

### तृणमूल सांसद मौसम नूर की कांग्रेस में वापसी दिखाती है कि ममता मुस्लिम वोट खो रही हैं: भाजपा

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने शनिवार को कहा कि पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव से पहले तृणमूल कांग्रेस की राज्यसभा सदस्य मौसम नूर की कांग्रेस में वापसी इस बात का संकेत है कि मुस्लिम मतदाता मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से 'किनारा' कर रहे हैं, जिससे उनकी पार्टी 'बेहद मुश्किल' में पहुंच गई है। नूर सात साल के अंतराल के बाद शनिवार को कांग्रेस में लौटीं और कहा कि वह अपने चाचा और पार्टी के पूर्व दिग्गज नेता गनी खान चौधरी की विरासत को आगे बढ़ाना चाहती हैं। इस घटनाक्रम पर टिप्पणी करते हुए पश्चिम बंगाल के भाजपा सह-प्रभारी अमित मालवीय ने कहा, ''तृणमूल कांग्रेस के लिए स्थिति वास्तव में बेहद खराब है, जब उसके राज्यसभा सदस्य अपना कार्यकाल छोड़कर कांग्रेस में शामिल हो रहे हैं, जबकि बंगाल में मालदा और मुर्शिदाबाद के कुछ मुस्लिम बहुल विधानसभा क्षेत्रों को छोड़कर कांग्रेस की लगभग कोई उपस्थिति नहीं है।''

# बुद्ध के पवित्र अवशेष भारत की वंदनीय विरासत का अटूट हिस्सा हैं: मोदी



**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को बुद्ध से जुड़ी वस्तुओं की एक प्रदर्शनी का उद्घाटन किया और कहा कि ये केवल वस्तुएं नहीं हैं बल्कि भारत की वंदनीय विरासत का अटूट हिस्सा हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि पवित्र पिपरहवा अवशेष वियतनाम, थाईलैंड और रूस समेत उन विभिन्न देशों की यात्रा कर चुके हैं जहां बौद्धों की आबादी अधिक है। उन्होंने कहा कि इन देशों में आस्था और भक्ति की लहरें उठीं तथा लोग बड़ी संख्या में श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए पहुंचे। प्रधानमंत्री ने कहा, भगवान बुद्ध की यह साझा विरासत इस बात का प्रमाण है कि भारत केवल राजनीति, कूटनीति और अर्थव्यवस्था के माध्यम से ही नहीं, बल्कि भावनाओं, आस्था और आध्यात्मिकता के गहरे बंधनों के माध्यम से भी जुड़ा हुआ है। मोदी दक्षिण दिल्ली के किला राय पिथोरा सांस्कृतिक परिसर में 'लाइट एंड लोटस: रेलिक्स ऑफ द अवेकंड वंस' नामक प्रदर्शनी के उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने याद दिलाया कि सरकार और गोदरेज समूह के हस्तक्षेप से ये पवित्र अवशेष 125 वर्षों से अधिक समय बाद भारत लाए गए हैं। मोदी ने कहा कि दोनों ने मिलकर पिछले साल मई में हांगकांग में इनकी नीलामी रोकी थी। प्रधानमंत्री ने बौद्ध विद्वानों, राजनयिकों और अन्य अतिथियों की उपस्थिति में कहा, भारत के लिए, बुद्ध के पवित्र अवशेष केवल अवशेष नहीं हैं, बल्कि हमारी वंदनीय विरासत व सभ्यता का एक अटूट हिस्सा हैं।

# 'लव जिहाद' रोकने के प्रयास घर से शुरू हों: मोहन भागवत



**भोपाल :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख ने शनिवार को कहा कि 'लव जिहाद' को रोकने के प्रयास परिवार से ही शुरू होने चाहिए। उन्होंने इसके लिए परिवारों में संवाद, महिलाओं में जागरूकता और सामूहिक सामाजिक प्रतिक्रिया की आवश्यकता पर बल दिया। आरएसएस की ओर से जारी विज्ञप्ति में कहा गया कि संगठन की ओर से यहां आयोजित 'स्त्री शक्ति संवाद' कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भागवत ने महिलाओं की सामाजिक भूमिका पर चर्चा के दौरान 'लव जिहाद' के मुद्दे का उल्लेख किया। 'लव जिहाद' शब्द का इस्तेमाल दक्षिणपंथी संगठन मुस्लिम पुरुषों द्वारा हिंदू महिलाओं का कथित तौर पर प्रेम संबंध या शादी के जाल में फंसाकर इस्लाम धर्म में धर्मांतरण कराने के संदर्भ में करते हैं। भागवत ने कहा कि परिवारों को यह आत्ममंथन करना चाहिए कि किसी परिवार की लड़की किसी अजनबी के प्रभाव में कैसे आ जाती है। उन्होंने इसे परिवारों में संवाद की कमी का परिणाम बताया। आरएसएस प्रमुख ने कहा कि इस दिशा में तीन स्तरों पर प्रयास जरूरी हैं, जिनमें परिवारों के भीतर निरंतर संवाद, लड़कियों में जागरूकता पैदा करना और स्वयं की रक्षा के लिए उन्हें सक्षम बनाना तथा ऐसे अपराध करने वालों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई शामिल है। उन्होंने कहा कि सामाजिक संगठनों को भी सतर्क रहना चाहिए और समाज को सामूहिक रूप से प्रतिक्रिया देनी चाहिए, ताकि इस समस्या का समाधान निकाला जा सके। भागवत ने कहा कि धर्म, संस्कृति और सामाजिक व्यवस्था महिलाओं के कारण सुरक्षित है। उन्होंने महिलाओं के सशक्तीकरण, वैचारिक दिशा और पारिवारिक व सामाजिक जीवन में उनकी सक्रिय भागीदारी पर जोर दिया। आरएसएस प्रमुख ने कहा, ''वह समय बीत चुका है जब सुरक्षा के नाम पर महिलाओं को घरों तक सीमित रखा जाता था।'' उन्होंने कहा कि परिवार और समाज पुरुषों और महिलाओं के संयुक्त प्रयासों से आगे बढ़ते हैं, इसलिए दोनों का 'प्रबोधन' आवश्यक है।

# केंद्र ने राज्यों से कृषि योजना खर्च में तेजी लाने को कहा, कोष में देरी की चेतावनी दी

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शनिवार को राज्यों से अपने बजट के रणनीतिक उपयोग का आग्रह किया और चेताया कि खर्च में देरी से राज्यों को नुकसान होता है और केंद्र से मिलने वाले कोष को समय पर जारी करने में बाधा आती है। राज्य कृषि मंत्रियों के साथ समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुए चौहान ने कहा कि विभिन्न योजनाओं के लिए आरक्षित धन को मार्च से पहले खर्च करना आवश्यक है, ताकि प्रशासनिक अड़चनों के कारण कार्यक्रमों के क्रियान्वयन में देरी न हो। उन्होंने कहा, ''यदि राज्य समय पर अपने बजट का उपयोग नहीं कर पाते हैं, तो इससे उन्हें नुकसान होता है।''




# छत्तीसगढ़ में दो मुठभेड़ में 14 नक्सली मारे गए

**सुकमा/बीजापुर :** छत्तीसगढ़ के बस्तर क्षेत्र में सुरक्षाबलों के साथ शनिवार को दो अलग-अलग मुठभेड़ों में 14 नक्सली मारे गए। पुलिस अधिकारियों ने यह जानकारी दी। सुरक्षाबलों की सराहना करते हुए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि सटीक रणनीति, सतत दबाव और मजबूत जमीनी पकड़ के चलते यहां माओवादी नेटवर्क तेजी से ढह रहा है। अधिकारियों ने बताया कि सुरक्षाबलों ने सुकमा जिले में 12 नक्सलियों तथा पड़ोसी जिले बीजापुर में दो अन्य नक्सलियों को मार गिराया। उन्होंने बताया कि बीजापुर और सुकमा जिलों के दक्षिणी क्षेत्रों में सशस्त्र माओवादियों की मौजूदगी की जानकारी के आधार पर सुरक्षाबलों ने तलाश अभियान शुरू किया। सुकमा जिले के पुलिस अधीक्षक किरण चव्हाण ने बताया कि शुक्रवार रात जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी) ने यह अभियान शुरू किया था और सुबह करीब लगभग आठ बजे किस्टाराम इलाके के जंगल में गोलीबारी शुरू हो गई। उन्होंने बताया, ''मुठभेड़ स्थल से 12 नक्सलियों के शव और हथियार बरामद किए गए हैं।'' अधिकारी ने बताया कि शुरुआती जानकारी के अनुसार, मारे गए अधिकांश नक्सली माओवादियों की कोंटा क्षेत्र समिति के थे।

# बीसीसीआई के निर्देश पर कोलकाता नाइट राइडर्स ने मुस्तफिजुर रहमान को रिलीज किया



**गुवाहाटी :** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने शनिवार को भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के निर्देश पर इंडियन प्रीमियर लीग के आगामी सत्र से पहले बांग्लादेश के तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान को अपनी टीम से रिलीज कर दिया। बीसीसीआई ने भारत और बांग्लादेश के बीच द्विपक्षीय संबंधों में बढ़ते तनाव के मद्देनजर यह कदम उठाया। पिछले महीने खिलाड़ियों की नीलामी में केकेआर ने बाएं हाथ के तेज गेंदबाज रहमान को 9.20 करोड़ रुपये में खरीदा था। उनका आधार मूल्य दो करोड रुपए था। चेन्नई सुपर किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स के साथ कड़ी बोली प्रक्रिया के बाद केकेआर इस 30 वर्षीय गेंदबाज को अपनी टीम से जोड़ने में सफल रहा था। बीसीसीआई ने कहा कि 26 मार्च से शुरू होने वाली लीग में जरूरत पड़ने पर केकेआर को उनके स्थान पर किसी अन्य खिलाड़ी का चयन करने की अनुमति होगी। बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने पीटीआई को बताया, ''बीसीसीआई ने कोलकाता नाइट राइडर्स से मुस्तफिजुर रहमान को अपनी टीम से रिलीज करने को कहा है। जरूरत पड़ने पर वह उनके स्थान पर किसी अन्य खिलाड़ी के चयन के लिए कह सकते हैं। अगर वह अनुरोध करते हैं तो बीसीसीआई उन्हें किसी अन्य खिलाड़ी को अपनी टीम से जोड़ने की अनुमति देगा।'' सैकिया से जब पूछा गया कि बीसीसीआई ने कोलकाता नाइट राइडर्स को ऐसा करने के लिए क्यों कहा है, तो उन्होंने कहा, ''हाल ही में हुई घटनाओं के कारण।''



## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 4 जनवरी, रविवार, 2026, विक्रम सम्वत् 2082, माघ कृष्णपक्ष प्रतिपदा, 12:33 तक, नक्षत्र : पुनर्वसु, 15:13 तक, योग : वैधृति, 25:41 तक, सूर्योदय: 06:17, सूर्यास्त: 17:05, चन्द्रोदय : 18:07, चन्द्रास्त: 07:06, शक सम्वतः 1947 विश्वावसु, सूर्य राशि : धनु, चन्द्र राशि : मिथुन, राहू काल : 15:41 से 17:01

## साप्ताहिक : राशिफल
## 04-01-26 से 10-01-26



**मेष : चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ :** मेष राशि के जातकों के लिए नए साल का पहला सप्ताह सामान्य रहेगा। स्वास्थ्य के लिहाज से देखें, तो अभी आपको स्वास्थ्य के प्रति थोड़ा सावधान रहने की आवश्यकता है। बिजनेस ठीक-ठाक चलेगा और करियर की बात करें तो आप करियर को लेकर किसी अनुभवी व्यक्ति की सलाह ले सकते हैं, यह सप्ताह अच्छा बीतेगा। आर्थिक स्थिति को लेकर सावधान रहने की आवश्यकता है। सप्ताह की शुरुआत में आप थोड़ा व्यस्त रहेंगे, जिससे आपके प्रेम संबंधों में कमी देखने को मिल सकती है। यदि कहीं आपके विवाह की बातचीत चल रही है तो रिश्ता पक्का हो सकता है।



**वृष : ई, ऊ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे, वो :** इस सप्ताह वृषभ राशि के जातकों के स्वास्थ्य के लिए अच्छा रहेगा, परंतु मौसम के बदलाव के चलते कुछ परेशानी हो सकती हैं। आपको अपने प्रोफेशनल लाइफ में प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा। रुपए पैसे की बात करें तो, आर्थिक स्थिति को लेकर आपको कुछ चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है। प्रेम और संबंध की बात करें तो वह भी प्रगाढ़ होंगे। विवाहितों के लिए यह सप्ताह बढ़िया रहेगा। विद्यार्थियों को अपनी पढ़ाई लिखाई पर विशेष ध्यान देना होगा।



**मिथुन : का, की, कू, घ, ङ, छ, के, को, ह :** यह सप्ताह मिथुन राशि के जातकों के लिए स्वास्थ्य के लिए अच्छा रहेगा। यदि आप किसी पुराने रोग से परेशान हैं तो उसमें सुधार होगा। इस सप्ताह आपका व्यापार बहुत अधिक बढ़ सकता है। जिससे आपका मन प्रसन्न रहेगा। आपकी मेहनत रंग लाएगी। आपके रुपए पैसे की बात करें तो किसी बीमारी पर धन खर्च होने की आशंका है। प्रेम संबंधों की बात करे तो आप अपने प्रेमी से प्रेम का इजहार कर सकते हैं। विवाहित लोगों को रिश्ते में नजदीकियां बढ़ाने की कोशिश करनी होगी।



**कर्क : ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो :** इस सप्ताह आपके स्वास्थ्य में उतार-चढ़ाव देखने को मिल सकते हैं। मसालेदार भोजन के सेवन से आपको पेट से संबंधित समस्याएं परेशान कर सकती हैं। ऑफिस में सहकर्मचारी आपका पूरा साथ देंगे। प्रेम संबंधों की बात करें तो आज आप अपने प्रेमी के साथ ज्यादा से ज्यादा समय व्यतीत कर सकते हैं और विवाहित अपने रिश्ते को मजबूत बनाए रखने के लिए कुछ नए नियम फॉलो कर सकते हैं। यदि आप पार्टनरशिप में कार्य करते हैं तो आपको अच्छी कमाई हो सकती है। इस सप्ताह आपको बहुत अधिक पढ़ाई लिखाई करने की आवश्यकता है।



**सिंह : मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टू, टे :** इस सप्ताह अपनी सेहत का विशेष ख्याल रखें। नौकरी वाले जातक सप्ताह की शुरुआत में काफी जोश के साथ कार्य करेंगे। व्यावसायिक लोगों को कोई बड़ा ऑर्डर प्राप्त हो सकता है। प्रेम संबंधों की शुरुआत बहुत अधिक व्यस्तता के साथ होगी। प्रेमी संग कहीं बाहर घूमने जाने की योजना बना सकते हैं। विवाहितों को अपने आप से रिश्ते में तालमेल बनाए रखने की कोशिश करनी होगी। आर्थिक स्थिति के लिए आप किसी की सलाह के बिना कोई इंवेस्टमेंट ना करें अन्यथा, नुकसान उठाना पड़ सकता है।



**कन्या : ढो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो :** इस सप्ताह आपकी सेहत अधिक तेल मसाले का सेवन करने से खराब हो सकती है। विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। बिजनेस वाले जातकों को लंबी यात्रा पर जाना पड़ सकता है। नौकरी वाले जातकों को प्रमोशन का तोहफा मिल सकता है। प्रेम संबंधों की बात करें तो आप की किसी नए व्यक्ति से बातचीत शुरू हो सकती है। आप अपने दिल की बात भी उन्हें बता सकते हैं। आप अपने प्रिय पात्र के साथ कहीं बाहर घूमने-फिरने जा सकते हैं। विवाहितों को अपने जीवन साथी का भरपूर साथ प्राप्त होगा। आर्थिक मोर्चे की बात करें तो थोड़ा ध्यान देना होगा।



**तुला : रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते :** इस सप्ताह अपने स्वास्थ्य का विशेष ख्याल रखना होगा। आपको सर्दी, जुकाम, बुखार इत्यादि परेशान कर सकता है। नौकरी पेशा जातकों को अपने सीनियर्स का सपोर्ट मिलेगा। आप अपने व्यवसाय में निवेश करते समय कुछ नई जानकारियां प्राप्त कर सकते हैं। आपके प्रेम संबंध मजबूत होंगे। विवाहितों की बात करें तो यदि आपका जीवन साथी किसी बात को लेकर आपसे नाराज है तो उन्हें मनाने की कोशिश करें। आर्थिक स्थिति मजबूत रहेगी। इस सप्ताह आपकी पढ़ाई लिखाई में रुचि बनी रहेगी।



**वृश्चिक : तो, ना, नी, नू, ने, नो, या, यी, यू :** इस सप्ताह आपकी सेहत अच्छी बनी रहेगी, परंतु सप्ताह के बीच में पेट से संबंधित समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। आज बिजनेस से संबंधित पुरानी समस्याओं से बाहर निकाल सकते हैं, बिजनेस करने वाले लोगों की स्थिति अच्छी बनी रहेगी। विद्यार्थी लोग शिक्षा में लापरवाही ना बरतें, वरना नुकसान होगा। आपके प्रेम संबंधों में रोमांस की झड़ी लगी रहेगी। मन बहुत अधिक प्रसन्न रहेगा। विवाहितों को अपने अपने जीवन साथी के साथ किसी भी प्रकार के विवाद से बचकर रहना होगा।



**धनु : ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ढा, भे :** इस सप्ताह आपकी सेहत ठीक रहेगी, लेकिन मौसम के बदलाव के चलते स्वास्थ्य संबंधित समस्याएं परेशान कर सकती हैं। आप आज नए लोगों के साथ मीटिंग कर सकते हैं, सेल्स और मार्केटिंग से जुड़े लोगों के लिए यह सप्ताह बढ़िया रहेगा। आपके धन और रुपए पैसे की बात करें तो आपके जीवन में धन कमाने के नए साधन सामने आ सकते हैं। प्रेम संबंध में लाभ प्राप्त हो सकता है। विवाहितों के लिए भी यह सप्ताह बहुत अधिक बढ़िया रहेगा। छात्रों को इस सप्ताह सावधान रहना होगा।



**मकर : भो, जा, जी, खी, खू, खे, खो, गा, गी :** स सप्ताह आपका स्वास्थ्य बढ़िया रहेगा, परंतु शारीरिक समस्याओं से आप परेशान हो सकते हैं। करियर, व्यवसाय की बात करें तो यदि आप नयी नौकरी की तलाश कर रहे हैं तो सप्ताह अच्छा रहेगा। बिजनेस करने वाले जातको को किसी गलत निर्णय लेने से बचना होगा। प्रेम संबंध में रोमांस की भावना बहुत अधिक बढ़ सकती है। विवाहितों की बात करें तो आज आप अपने जीवनसाथी से बातचीत करके अपनी पुरानी समस्याओं से निजात पा सकते हैं।



**कुम्भ : गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा :** इस सप्ताह अपनी सेहत में किसी भी प्रकार की ला-परवाही ना बरतें, नियमित व्यायाम और योगासन करते रहें। व्यापार करने वाले जातकों को नए लोगों से मिलकर व्यापार आगे बढ़ाने में मदद मिल सकती है। नौकरीपेशा वाले जातकों को तनाव का सामना करना पड़ सकता है। प्रेम संबंधों की बात करें तो प्रेम संबंधों में निकटता और अधिक बढ़ सकती हैं। विवाहितों को अपने जीवनसाथी की अच्छाइयों को जानकर बहुत अधिक प्रसन्नता मिलेगी। आर्थिक स्थिति की बात करें तो सप्ताह की शुरुआत में और अंत में आपकी स्थिति मजबूत रहेंगी।



**मीन : दी, दू, थ, झ, ञ, दे, दो, चा, ची :** इस सप्ताह आपका स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। आप योग के सही तरीकों को अपनाये तो आपके लिए अच्छा रहेगा। आपके व्यवसाय की बात करें तो प्रोफेशनल मामलों में यह सप्ताह बहुत अधिक बढ़िया रहेगा। नौकरी में बदलाव के लिए भी समय अच्छा रहेगा। प्रेम संबंधों के लिए समय अनुकूल रहेगा। प्रिय पात्र के साथ आप अपना समय समझदारी से व्यतीत करें तो अच्छा रहेग। विवाहितों को अपने जीवनसाथी का भरपूर साथ मिलेगा।

# वीबीएसए: विकसित भारत के भविष्य की शिक्षा का पथप्रदर्शक



प्रो. आलोक कुमार राय

प्रसिद्ध विचारक फ्रांत्ज़ फैनन ने कहा था कि औपनिवेशिक मुक्ति वास्तव में नए मनुष्यों के निर्माण की प्रक्रिया है, जबकि लिंडा तुहिवाई स्मिथ ने इसे स्वदेशी सरोकारों को केंद्र में लाने की कार्यप्रणाली के रूप में परिभाषित किया। ये दोनों कथन राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 की आत्मा और विकसित भारत शिक्षा अधिष्ठान (वीबीएसए) की अवधारणा को गहराई से प्रतिबिंबित करते हैं। 'आत्मनिर्भर विकसित भारत 2047' के राष्ट्रीय संकल्प को साकार करने की दिशा में वीबीएसए एक महत्त्वपूर्ण संरचनात्मक और वैचारिक सुधार के रूप में उभरता है। विकसित भारत शिक्षा अधिष्ठान का उद्देश्य उच्च शिक्षा के नियमन से जुड़ी उन संस्थाओं को एकीकृत करना है, जो अब तक अलग-अलग दायरों में कार्य करती रही हैं-जैसे विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी), अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई) और राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद (एनसीटीई)। इन संस्थाओं की कार्यप्रणाली प्रायः 'वॉटर-टाइट कंपार्टमेंट' की तरह रही है, जिसके कारण न तो समन्वय बन सका और न ही अपेक्षित शैक्षणिक गुणवत्ता सुनिश्चित हो पाई। वीबीएसए इस खंडित ढांचे को समाप्त कर एक समग्र, एकीकृत और पारदर्शी नियामक व्यवस्था स्थापित करने का प्रयास है।

वीबीएसए की संरचना तीन प्रमुख स्तंभों पर आधारित है-विकसित भारत शिक्षा मानक परिषद, जो उच्च शिक्षा संस्थानों में मानकीकरण सुनिश्चित करेगी; विकसित भारत शिक्षा विनियमन परिषद, जो गुणवत्ता संवर्धन और भारतीय शिक्षा के अंतरराष्ट्रीयकरण पर केंद्रित होगी; तथा विकसित भारत शिक्षा गुणवत्ता परिषद, जो प्रत्यायन और उससे जुड़ी सुधारात्मक प्रक्रियाओं को सशक्त बनाएगी। यह त्रिस्तरीय व्यवस्था भारतीय उच्च शिक्षा क्षेत्र में लंबे समय से व्याप्त कमियों के समाधान की क्षमता रखती है। भारत के उच्च शिक्षा क्षेत्र के समक्ष कई गंभीर चुनौतियां हैं। वैश्विक स्तर की गुणवत्ता के अनुरूप संस्थानों को सक्षम बनाना, सकल नामांकन अनुपात को वर्तमान 28.4 प्रतिशत से बढ़ाकर 50 प्रतिशत तक ले जाना, गुणवत्ता के वस्तुनिष्ठ और पारदर्शी मानदंड तय करना, सामाजिक रूप से प्रासंगिक शोध और नवाचार के लिए न्यायसंगत वित्तपोषण सुनिश्चित करना-ये सभी लक्ष्य वीबीएसए के कार्यक्षेत्र में आते हैं। इसके साथ-साथ यह व्यवस्था छात्र-केंद्रित शिक्षा को बढ़ावा देने पर बल देती है, जिसका उद्देश्य केवल पेशेवर दक्षता ही नहीं, बल्कि भारतीय मूल्यबोध, नैतिकता और जीवन कौशल से युक्त भावी नागरिकों का निर्माण करना है। वैश्विक स्तर पर शिक्षा का वर्तमान रुझान 'एजुकेशन 5.0' की ओर है, जिसकी झलक एनईपी 2020 में भी दिखाई देती है। जहां 'एजुकेशन 4.0' का फोकस शिक्षा में तकनीक के समावेशन पर था, वहीं 'एजुकेशन 5.0' तकनीकीकरण से आगे बढ़कर मानवीकरण पर जोर देता है। इसका केंद्र युवाओं का मानसिक, भावनात्मक, शारीरिक और समग्र विकास है। यह लक्ष्य तभी संभव है जब समान उद्देश्यों और प्रक्रियाओं वाली संस्थाएं परस्पर सहयोग और समन्वय के साथ कार्य करें। वीबीएसए इसी आवश्यकता की पूर्ति करता है। वीबीएसए का एक महत्वपूर्ण उद्देश्य विभिन्न विषयों और धाराओं के बीच अंतः विषयी गतिशीलता को प्रोत्साहित करना है। यह विश्वविद्यालयों और तकनीकी संस्थानों के लिए एकल संबद्धता निकाय के रूप में कार्य करेगा, जिससे विभिन्न नियामक संस्थाओं की जटिलताओं और विरोधाभासी नियमों से मुक्ति मिलेगी। इससे न केवल फर्जी संस्थानों की बढ़ती संख्या पर अंकुश लगेगा, बल्कि गुणवत्ता के साथ कोई समझौता भी नहीं होगा। इसके अतिरिक्त, वीबीएसए को अपने पूर्ववर्ती निकायों की तुलना में अधिक सशक्त अनुशासनात्मक अधिकार प्रदान किए गए हैं, जिससे नियमों का उल्लंघन करने वालों पर प्रभावी कार्रवाई संभव होगी।

भारतीय शिक्षा प्रणाली के 'भारतीयकरण' की दिशा में भी वीबीएसए एक निर्णायक भूमिका निभा सकता है। इसके अंतर्गत पाठ्यक्रम और मूल्यांकन के मानकीकरण के जरिए भारतीय ज्ञान परंपरा (भारतीय ज्ञान प्रणालियाँ) को शिक्षा का अभिन्न अंग बनाने का प्रयास किया जाएगा। यह पहल उस 'सांस्कृतिक विस्फोट' का प्रत्युत्तर है, जो औपनिवेशिक मैकॉले प्रणाली के माध्यम से भारतीय समाज पर थोपा गया था और जिसने हमारी बौद्धिक व सांस्कृतिक विरासत को लंबे समय तक हाशिये पर रखा। यह तथ्य भी विचारणीय है कि भारत में उच्च शिक्षा संस्थानों का दुनिया का सबसे बड़ा नेटवर्क होने के बावजूद हर वर्ष लाखों छात्र विदेश जाकर पढ़ाई करते हैं। ब्यूरो ऑफ इमिग्रेशन के आंकड़ों के अनुसार, हाल के वर्षों में लगभग 7.6 लाख छात्र उच्च शिक्षा के लिए विदेश गए। वीबीएसए का उद्देश्य देश के भीतर ही विश्व-स्तरीय शिक्षा उपलब्ध कराकर इस प्रवृत्ति को कम करना है। इसके लिए पात्रता, नियुक्ति और नियामक प्रक्रियाओं को सरल और समयबद्ध बनाया जाएगा, साथ ही गुणवत्ता आधारित शोध और नवाचारी शिक्षण पद्धतियों को प्राथमिकता दी जाएगी। डिजिटल, ऑनलाइन और कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित तंत्रों के माध्यम से वीबीएसए की कार्यप्रणाली अधिक पारदर्शी, वस्तुनिष्ठ और लागत-प्रभावी होगी। एक केंद्रीय नियामक संस्था के रूप में यह सभी हितधारकों को समान अवसर प्रदान करेगी और संस्थानों के बीच वित्तीय असमानताओं को भी कम करने में सहायक होगी। जो संस्थान उत्कृष्ट प्रदर्शन करेंगे, वे अपनी स्वायत्तता बनाए रखेंगे, जबकि अन्य संस्थान निरंतर उन्नयन की दिशा में प्रेरित होंगे। इससे उच्च शिक्षा संस्थान प्रशासनिक जटिलताओं से मुक्त होकर अकादमिक और शोध उत्कृष्टता पर ध्यान केंद्रित कर सकेंगे। भारत को काल-सापेक्ष रूप से 'विश्वगुरु' की संज्ञा मिली है, और शिक्षा इस पहचान का मूल आधार रही है। तेजी से बदलती वैश्विक परिस्थितियों में इस विरासत को बनाए रखने के लिए आवश्यक है कि शिक्षा प्रणाली में समयानुकूल, दूरदर्शी और स्वदेशी सुधार किए जाएं। एनईपी 2020 ने इस दिशा में वैचारिक आधार प्रदान किया, और अब विकसित भारत शिक्षा अधिष्ठान उसके प्रभावी क्रियान्वयन का सशक्त माध्यम बनेगा-एक ऐसी भारतीय ज्ञान प्रणाली के निर्माण के लिए, जो 'सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय' के आदर्श पर आधारित हो।

**(लेखक भारतीय प्रबंधन संस्थान, कोलकाता के निदेशक हैं)**

# यूपी/बिहार/झारखंड

## सबसे ज्यादा जरूरतमंद लोगों तक न्याय पहुंचना चाहिए: सीजेआई

### सीजेआई ने पटना उच्च न्यायालय परिसर में बुनियादी ढांचे से जुड़ी सात परियोजनाओं का शिलान्यास किया



**पटना :** भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत ने शनिवार को कहा कि कानून प्रणाली में सहानुभूति होना जरूरी है, क्योंकि इसी से एक न्यायपूर्ण समाज और अन्यायपूर्ण समाज में फर्क होता है। उन्होंने यह भी कहा कि न्याय सबसे ज्यादा उन लोगों और समुदायों तक पहुंचना चाहिए जिन्हें इसकी सबसे ज्यादा जरूरत है। प्रधान न्यायाधीश ने ये बातें पटना के चाणक्य राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय में आयोजित दीक्षांत समारोह में कहीं। उन्होंने युवा वकीलों को याद दिलाया कि करियर में मेहनत और जोश होना जरूरी है, लेकिन इसके कारण संवेदनशीलता व नैतिक भावनाओं का नुकसान नहीं होना चाहिए। प्रधान न्यायाधीश ने कहा, कई युवा वकील मानते हैं कि सफलता के लिए काम, नियमों और उम्मीदों के प्रति पूरी तरह समर्पित होना जरूरी है। कुछ समय के लिए यह जोश आवश्यक है, लेकिन इससे मन की संवेदनशीलता नहीं मिटनी चाहिए। अगर कानून आपके जीवन के हर हिस्से पर हावी हो जाता है, तो आप उस सहानुभूति और न्याय के लिए जरूरी समझ खो सकते हैं जो सही न्याय के लिए जरूरी है। न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने कहा, ''हमारी कानूनी प्रणाली में यही सहानुभूति एक न्यायपूर्ण समाज को अन्यायपूर्ण समाज से अलग करती है।''

### साइबर अपराधियों ने वरिष्ठ नागरिकों से हजारों करोड़ रुपये लूटे

प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत ने शनिवार को कहा कि वह देश में साइबर अपराध की बढ़ती घटनाओं से हतप्रभ हैं, जिसके कारण आम लोगों, खासतौर पर वरिष्ठ नागरिकों से हजारों करोड़ रुपये लूट लिए गए हैं। न्यायमूर्ति सूर्यकांत पटना के बाहरी इलाके पोथाही में एक समारोह को संबोधित कर रहे थे, जहां उन्होंने बिहार न्यायिक अकादमी के एक नये परिसर की आधारशिला रखी। प्रधान न्यायाधीश ने कहा, जिला न्यायपालिका के लिए नागरिक या आपराधिक कानूनों में नवीनतम जटिलताओं, जैसे कि तेजी से बढ़ते साइबर अपराधों से अवगत रहने का एकमात्र प्रभावी मंच न्यायिक अकादमी ही है।

## मुख्यमंत्री योगी ने दो दिवसीय दौरे के पहले दिन काशी विश्वनाथ मंदिर में पूजा अर्चना की

**वाराणसी (उप्र) :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को दो दिवसीय दौरे वाराणसी पहुंचे और काशी विश्वनाथ और काल भैरव मंदिर में पूजा अर्चना की। मुख्यमंत्री योगी देर शाम को टाउनहॉल रैन बसेरा पहुंचे और वहां रह रहे लोगों की समस्याएं सुनीं और उन्हें भोजन और कंबल वितरित किए। एक आधिकारिक बयान के मुताबिक मुख्यमंत्री वाराणसी दौरे के पहले दिन श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में पहुंचे जहां भक्तों ने हर-हर महादेव का जयकारा लगा उनका अभिनंदन किया। बयान के मुताबिक मुख्यमंत्री योगी मंदिर के गर्भगृह में विधिवत पूजा अर्चना की। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रात को टाउनहॉल रैन बसेरा पहुंचे और वहां रह रहे लोगों से बातचीत की। उन्होंने इस दौरान लोगों को कंबल एवं भोजन के पैकेट बांटे और सभी का कुशलक्षेम जाना। मुख्यमंत्री ने लोगों से कहा कि ठंड में खुले आसमान के नीचे कतई न सोएं। उन्होंने रैनबसेरा में शरण लिए लोगों से व्यवस्थाओं के जानकारी।

## रांची में पैसों की लेनदेन को लेकर व्यक्ति की हत्या, चार आरोपी गिरफ्तार

**रांची :** रांची में उधार दिये गए 2.5 लाख रुपये वापस मांगने पर एक व्यक्ति की कथित तौर पर हत्या करने के मामले में चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि चारों को शुक्रवार को बुडमू पुलिस थाना क्षेत्र के छप्पर बरवाटोली से गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बताया कि करीब 30 वर्षीय इबरार अंसारी उर्फ पीयूष की कथित तौर पर हत्या कर दी गई क्योंकि वह लगभग छह महीने पहले समीर अंसारी को उधार दिए गए 2.5 लाख रुपये वापस मांग रहा था।

## गोरखपुर में पुलिस ने हवाला कारोबार के संदेह में एक व्यक्ति को हिरासत में लिया

**गोरखपुर (उप्र) :** गोरखपुर रेलवे स्टेशन के पास से 50 लाख रुपये नकद बरामद होने के बाद पुलिस ने हवाला लेनदेन के संदेह में एक व्यक्ति को हिरासत में लिया है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, आरोपी की पहचान सिद्धार्थनगर जिले के डुमरियागंज के निवासी राजीव जायसवाल उर्फ राजू (52) के रूप में हुई है। उसने बताया कि राजू शुक्रवार शाम करीब पांच बजे गोरखपुर बस स्टैंड पहुंचा और वहां से रेलवे स्टेशन होते हुए पैदल धर्मशाला बाजार की ओर चल पड़ा। उसने बताया कि तभी स्कूटर पर सवार दो लोगों ने कथित तौर पर उसे एक थैला दिया और वहां से चले गए। पुलिस की नजर जायसवाल पर पड़ी और संदेह के आधार पर थैले की तलाशी लेने पर उसमें से 50 लाख रुपये बरामद हुए।

## बरेली में भाजपा विधायक श्याम बिहारी लाल का राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार



**बरेली (उप्र) :** बरेली जिले के फरीदपुर विधानसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायक डॉ. श्याम बिहारी लाल का शनिवार को राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। भाजपा और विधायक के परिवार के लोगों ने बताया कि डॉ. श्याम बिहारी लाल का शुक्रवार दोपहर दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया था। उन्होंने बृहस्पतिवार को ही अपना 60वां जन्मदिन मनाया था। पारिवारिक सूत्रों के अनुसार, शनिवार को फरीदपुर की श्मशान भूमि पर दिवंगत विधायक का राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। नम आंखों के बीच उनके बेटे ने चिता को मुखाग्नि दी। अंतिम यात्रा में कई मंत्री और भाजपा नेता भी शामिल हुए। इससे पहले फरीदपुर स्थित विधायक कार्यालय में उनका पार्थिव शरीर अंतिम दर्शन के लिए रखा गया था। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को बरेली में विधायक श्याम बिहारी लाल के आवास पर पहुंचकर उनके पार्थिव शरीर पर श्रद्धांजलि अर्पित की और शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की।

## पौष पूर्णिमा स्नान पर 21.50 लाख लोगों ने लगाई आस्था की डुबकी



**प्रयागराज :** पौष पूर्णिमा स्नान के साथ शनिवार से संगम की रेती पर माघ मेला प्रारंभ हो गया। बच्चे, बूढ़े, महिलाएं और युवा सुबह से ही गंगा और संगम की ओर जाते दिखाई दिए। शाम चार बजे तक लगभग 21.50 लाख श्रद्धालुओं ने गंगा और संगम में डुबकी लगाई। प्रयागराज मेला प्राधिकरण के एक अधिकारी ने बताया कि माघ मेले के प्रथम स्नान पौष पूर्णिमा पर शनिवार शाम चार बजे तक 21.50 लाख श्रद्धालुओं ने गंगा और संगम में डुबकी लगाई। इस स्नान पर्व के साथ एक माह का कल्पवास भी आज से शुरू हो गया। त्रिवेणी संगम आरती सेवा समिति के अध्यक्ष आचार्य राजेंद्र मिश्र ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि माघ मेले में करीब पांच लाख कल्पवासियों का आज से कल्पवास प्रारंभ हो जाएगा जिसके तहत वे दिन में दो बार गंगा स्नान और एक पहर भोजन लेते हैं और बाकी समय अपने आराध्य देवता का ध्यान, पूजन आदि करते हैं। उन्होंने कहा कि कड़ाके की ठंड पड़ने के कारण सुबह स्नानार्थियों की भीड़ थोड़ी कम थी, लेकिन दिन निकलने के साथ उनकी संख्या तेजी से बढ़ी। पौष पूर्णिमा स्नान के लिए दिनभर लोग आते रहे। मेला प्रशासन के मुताबिक सुबह 10 बजे तक नौ लाख श्रद्धालुओं ने गंगा और संगम में स्नान किया था। प्रयाग धाम संघ के अध्यक्ष राजेंद्र पालीवाल ने बताया कि सुबह से ही कोहरा होने के कारण श्रद्धालुओं की संख्या बहुत अधिक नहीं थी, लेकिन यदि कल्पवासियों की संख्या को जोड़ दें तो शाम तक 20 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने पौष पूर्णिमा का स्नान किया। उन्होंने बताया कि आज शाम चार बजे तक पौष पूर्णिमा स्नान मुहूर्त था।

## वर्ग पहेली नं. 3311

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | ■ | 2 | | 3 | | ■ | 4 | 5 |
| | ■ | 6 | | ■ | | ■ | 7 | | |
| 8 | | | ■ | 9 | | | | ■ | |
| | ■ | 10 | 11 | ■ | | ■ | 12 | | |
| 13 | 14 | ■ | 15 | | | ■ | | ■ | ■ |
| ■ | 16 | | | ■ | ■ | 17 | | | 18 |
| ■ | | ■ | ■ | 19 | | | | ■ | |
| 20 | | 21 | | | ■ | | ■ | 22 | |
| | ■ | | ■ | | ■ | 23 | | ■ | |

*बायें से दायें:-* 1) पति, 2) स्वार्थपरक, 4) अगर 6) उद्देश्य, 7) राजप्रासाद, 8) अपरोक्ष, 9) हँसीमज़ाक़, 10) व्यस्त, 12) महँगा, 13) जूट; पटसन, 15) धनापहरण, 16) भैंस का पड़वा, 17) निष्पक्ष, 19) बेक़द्री, 20) लापरवाह, 22) फल का लंबोतरा टुकड़ा, 23) सच्चाई.

*ऊपर से नीचे:-* 1) मनोरंजन यात्रा, 2) बीच में, 3) बाल्यावस्था, 4) न मैं न तुम, 5) भग्नहृदयी; दुःखी, 6) अक्षरज्ञ, 7) दिल्लगी, 11) सुदृढ़, 14) सिक्के ढालने का कारख़ाना, 17) बंधक वस्तु, 18) इधर; इस स्थान पर, 19) प्रिय, 20) हाँ; चंगा; भला, 21) गहरा दुःख; शोक.

*(उत्तर: अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| प | ■ | ख़ | ■ | ■ | को | ल | का | ता | ■ |
| र | ■ | ब | ह | स | ■ | बा | ■ | ली | क |
| च | क्क | र | ■ | द | ह | ल | ना | ■ | ल्प |
| म | ■ | दा | म | न | ■ | ब | ह | क | ना |
| ■ | भा | र | त | ■ | बं | ■ | क़ | द | ■ |
| बे | वा | ■ | प्र | सा | ध | न | ■ | ली | ची |
| अ | र्थ | ■ | सा | ■ | न | सी | ब | ■ | कू |
| द | ■ | अ | र | बी | ■ | ह | म | ला | ■ |
| ब | खे | ड़ा | ■ | स | मे | त | ■ | भ | क्त |

## सुडोकू-पहेली-3269

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | 7 | | 4 | | | 6 | |
| 6 | | 8 | | | | | 2 | 3 |
| | | | | | | | | |
| | | | | | 6 | 7 | 5 | 1 |
| | | 5 | | | | | | |
| 8 | 3 | | | | 9 | | | |
| | | | 1 | 7 | 4 | 9 | 3 | |
| | | | | 2 | | | | |
| | 8 | | | | | 6 | | |

**प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।**

**••••**

**आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।**

**सूडोकू पहेली - 3268 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 4 | 6 | 3 | 7 | 8 | 1 | 2 | 5 |
| 5 | 8 | 7 | 6 | 2 | 1 | 9 | 3 | 4 |
| 3 | 2 | 1 | 5 | 9 | 4 | 8 | 6 | 7 |
| 1 | 7 | 5 | 2 | 8 | 3 | 4 | 9 | 6 |
| 8 | 3 | 2 | 9 | 4 | 6 | 5 | 7 | 1 |
| 6 | 9 | 4 | 7 | 1 | 5 | 2 | 8 | 3 |
| 4 | 6 | 9 | 8 | 5 | 7 | 3 | 1 | 2 |
| 7 | 5 | 8 | 1 | 3 | 2 | 6 | 4 | 9 |
| 2 | 1 | 3 | 4 | 6 | 9 | 7 | 5 | 8 |

# 'उन्नयनेर पांचाली' के मुकाबले में 'चोरदेर पांचाली' अभियान : शुभेंदु अधिकारी



**पूर्व मेदिनीपुर :** विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने शनिवार को कहा कि भाजपा तृणमूल कांग्रेस सरकार के कथित गलत कामों से लोगों को अवगत कराने के लिए पूर्व मेदिनीपुर ज़िले में 'चोरदेर पंचाली' नामक झांकियां निकालेगी। शुभेंदु अधिकारी ने आरोप लगाया कि तृणमूल कांग्रेस सरकार द्वारा शुरू किया गया 'उन्नयनेर पांचाली' (विकास की गाथा) अभियान, नरेन्द्र मोदी नीत सरकार और राज्य में विपक्षी दलों के बारे में झूठ फैला रहा है। उन्होंने अपने निर्वाचन क्षेत्र में एक रैली के दौरान पत्रकारों से कहा कि भले ही लोग अब तृणमूल कांग्रेस के धोखे को समझ चुके हैं, फिर भी भाजपा को इस अभियान का मुकाबला करना होगा और लोगों को सच्चाई दिखानी होगी। कल से हम नंदीग्राम समेत पूर्व मेदिनीपुर में 'चोरदेर पांचाली' (चोरी की कहानियां) की झांकियां निकालेंगे। रैली को संबोधित करते हुए भाजपा नेता ने आरोप लगाया कि नंदीग्राम के हिंदू सत्ताधारी पार्टी द्वारा संरक्षित 'जिहादी तत्वों' के भय में जी रहे हैं। उन्होंने कहा कि जब हिंदू एकजुट नहीं होते तो क्या होता है, यह सीमा पार बांग्लादेश में स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है। एक समय बांग्लादेश की जनसंख्या में हिंदुओं की हिस्सेदारी 30 प्रतिशत थी, लेकिन अब यह घटकर 7 प्रतिशत रह गई है।' उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा, 'अगर नंदीग्राम के हिंदू एकजुट नहीं होते हैं, तो अत्याचार और बढ़ेंगे।

## तृणमूल और भाजपा एक दूसरे के पूरक हैं : सुजन चक्रवर्ती

**आसनसोल :** मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) की तरफ से पूर्व सांसद डॉ. सूजन चक्रवर्ती ने शनिवार को आसनसोल के मोहिशीला कॉलोनी इलाके में गौतम अशोक स्मृति भवन माकपा पार्टी कार्यालय का उद्घाटन किया। इस दौरान, सूजन चक्रवर्ती ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि अभी हियरिंग की प्रक्रिया चल रही है। बुजुर्गों और बीमार व्यक्तियों को हियरिंग केंद्र पर बुलाया जा रहा है। अगर मतदान करने के लिए मतदान अधिकारी लोगों के घर जा सकते हैं, तो हियरिंग करने के लिए लोगों के घर-घर क्यों नहीं जाया जा सकते है? आयोग को इसका प्रबंध पहले से करके रखना चाहिए था। हाल ही में, गृहमंत्री अमित शाह द्वारा कोलकाता में तृणमूल की सरकार को उखाड़ फेंकने की बात पर डॉ सूजन चक्रवर्ती ने कहा कि यह सिर्फ कहने की बातें हैं क्योंकि अगर भाजपा के नेता तृणमूल को सत्ता से हटाने को लेकर गंभीर होते तो तृणमूल नेताओं के खिलाफ भ्रष्टाचार के जो मामले हैं उन पर अब तक उचित कार्रवाई की जाती, लेकिन ऐसा नहीं किया जा रहा है। एसआईआर को लेकर सूजन चक्रवर्ती ने कहा कि 2002 में भी यह हुआ था। लेकिन, तब बंगाल के लोगों को पता था कि बंगाल में वाममोर्चा की सरकार है। उनको डरने की आवश्यकता नहीं है। लेकिन, केंद्र में भाजपा और बंगाल में तृणमूल की सरकार है, इसलिए लोगों के मन में डर बैठ गया है। उन्होंने लोगों को भरोसा दिलाया कि जब तक माकपा है, तब तक लोगों को डरने की कोई आवश्यकता नहीं है। इस देश के नागरिकों की नागरिकता खत्म करने हैं कि हिम्मत किसी में नहीं होगी। वही, औद्योगीकरण को लेकर पूछे गए सवाल के जवाब में सुजन चक्रवर्ती ने कहा कि जब यहां पर वामपंथियों की सरकार थी तो इस जिले में व्यापक तौर पर औद्योगीकरण हुआ था। लेकिन पिछले 15 सालों में औद्योगीकरण के नाम पर यहां कुछ भी नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि तृणमूल और भाजपा एक दूसरे के परिपूरक हैं और इन दोनों के रहते लोगों के मन से डर और आशंका दूर नहीं हो सकता।

### निर्माणाधीन फ्लैट से गिरकर महिला की मौत

**मेदिनीपुर :** मेदिनीपुर के केरानितला इलाके में शनिवार की दोपहर एक निर्माणाधीन फ्लैट से गिरकर प्रीति बनर्जी (68) नामक एक महिला की मौत हो गईं। घटना की जानकारी स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस और परिवार को दी। जानकारी के अनुसार, महिला मानसिक रूप से अस्वस्थ बताई जा रही हैं। घटना होटल हिंदुस्तान लॉज के विपरीत दिशा में बन रहे फ्लैट के छठे तल से हुई। मृतका के पति रिटायर्ड बैंक कर्मचारी हैं। मेदिनीपुर कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस घटना की सभी पहलुओं की जांच कर रही है और आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज व प्रत्यक्षदर्शियों से भी जानकारी जुटा रही है।

## जमीन घोटाले में एगरा नगरपालिका अध्यक्ष स्वपन नायक गिरफ्तार

**पूर्व मेदिनीपुर :** पूर्व मेदिनीपुर जिला अंतर्गत एगरा नगरपालिका के अध्यक्ष स्वपन नायक को पुलिस ने भ्रष्टाचार के आरोप में गिरफ्तार किया है। नायक पर सरकारी भूमि को अवैध रूप से हस्तांतरित करने का गंभीर आरोप है। उन्हें कोलकाता से पकड़ा गया है। पुलिस ने शनिवार की सुबह बताया कि स्वपन नायक के विरुद्ध सरकारी जमीन की खरीद-फरोख्त और नियमों के उल्लंघन को लेकर लंबे समय से जांच चल रही थी। भूमि एवं भूमि सुधार विभाग की शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था। गिरफ्तारी के डर से नायक पिछले कुछ दिनों से एगरा से बाहर थे। शुक्रवार की देर रात पुलिस की एक विशेष टीम ने कोलकाता के एक ठिकाने पर छापेमारी कर उन्हें हिरासत में लिया, जिसके बाद पूछताछ के बाद उन्हें औपचारिक रूप से गिरफ्तार कर लिया गया। उल्लेखनीय है कि स्वपन नायक पिछले कुछ महीनों से न केवल प्रशासनिक जांच बल्कि राजनीतिक दबाव का भी सामना कर रहे थे। तृणमूल कांग्रेस के स्थानीय पार्षदों ने ही उनके विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव पेश किया था। पार्टी के शीर्ष नेतृत्व द्वारा उन्हें पद से हटने का निर्देश दिया गया था, किंतु उन्होंने इस्तीफा देने से इनकार कर दिया था। इस बीच, शहर में उनके 'लापता' होने के पोस्टर भी लगे थे। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि आरोपित अध्यक्ष को शनिवार को जिला अदालत में पेश किया गया।

## पीएम आवास योजना का झांसा देकर महिला से दुष्कर्म की कोशिश, भाजपा नेता गिरफ्तार



**मुर्शिदाबाद :** जिले के फरक्का इलाके में प्रधानमंत्री आवास योजना के नाम पर एक महिला को धोखे से बुलाकर दुष्कर्म की कोशिश करने का गंभीर आरोप सामने आया है। इस मामले में पुलिस ने भाजपा के एक पंचायत सदस्य को गिरफ्तार किया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, गिरफ्तार भाजपा नेता का नाम दीपंकर दास(32) है। वह नयेनसुख ग्राम पंचायत का निर्वाचित भाजपा सदस्य है और फरक्का के हजारपुर इलाके का निवासी है। आरोप है कि शुक्रवार की दोपहर दीपंकर दास ने महिला को फोन कर बताया कि उसके नाम प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत घर मंजूर हुआ है। इसी बहाने उसने महिला से आधार कार्ड और बैंक खाते की जानकारी मांगी और उसे फरक्का के हजारपुर गांव स्थित अपनी लॉज में बुलाया। महिला के अनुसार, लॉज पहुंचने के बाद दीपंकर ने उसे ऊपर की मंजिल पर जाने को कहा। जैसे ही वह लॉज के अंदर गई, दीपंकर ने मुख्य गेट का शटर गिराकर बंद कर दिया। जब महिला ने शटर बंद करने का कारण पूछा, तो आरोपित ने उसका मुंह दबाकर जबरन एक कमरे में घसीट लिया। आरोप है कि उसी कमरे में उसने महिला के साथ दुष्कर्म की कोशिश की। महिला ने अपनी शिकायत में बताया कि उसने खुद को बचाने के लिए जोर-जोर से चिल्लाने की कोशिश की, लेकिन आरोपी ने उसका मुंह दबाकर जान से मारने की धमकी दी। किसी तरह जान बचाकर वह वहां से भागने में सफल रही। इसके बाद, महिला ने फरक्का थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई। महिला की शिकायत के आधार पर फरक्का थाने की पुलिस ने शुक्रवार को ही आरोपी दीपंकर दास को गिरफ्तार कर लिया। शनिवार की सुबह उसे जंगीपुर महकमा अदालत में पेश किया गया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

6 जनवरी को बीरभूम में अभिषेक,

## बांग्लादेश से लौटी सोनाली से हो सकती है मुलाकात

**कोलकाता :** नए साल की शुरुआत से ही आक्रामक राजनीतिक तेवर में तृणमूल कांग्रेस के सर्वभारतीय महासचिव अभिषेक बनर्जी राज्य के विभिन्न जिलों का दौरा कर रहे हैं। 'रणसंकल्प सभा' कार्यक्रम के तहत 6 जनवरी को उनकी बीरभूम जिले के रामपुरहाट में जनसभा प्रस्तावित है।

इसी दिन बांग्लादेश से लौटने के बाद चर्चा में आई सोनाली बीबी से अभिषेक बनर्जी की मुलाकात होने की संभावना जताई जा रही है। तृणमूल सूत्रों के अनुसार, गर्भवती सोनाली बीबी को 5 जनवरी को रामपुरहाट मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जाएगा। अनुमान है कि 6 जनवरी को उनके बच्चे का जन्म हो सकता है। यदि ऐसा होता है, तो अभिषेक बनर्जी नवजात को गोद में लिए सोनाली बीबी से मुलाकात कर सकते हैं।

6 जनवरी को रामपुरहाट के बिनोदपुर मैदान में आयोजित जनसभा में अभिषेक बनर्जी शिरकत करेंगे। इसको लेकर तैयारियां तेज कर दी गई हैं। शुक्रवार को तृणमूल नेताओं के साथ पुलिस-प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों ने सभा स्थल का निरीक्षण किया और सुरक्षा तथा व्यवस्थाओं की समीक्षा की।

तृणमूल कांग्रेस इस कार्यक्रम के जरिए संगठन को और मजबूत करने तथा आगामी चुनावी रणनीति को धार देने की कोशिश में जुटी है।

## जीवन में काम-क्रोध-लोभ-मोह भी जरूरी : पं. शंभुशरण लाटा



**हावड़ा :** 'यह कथा बड़े काम की है। आप कहोगे क्या काम की है? इस लोक को सुधारेगी जिसमें हम जी रहे हैं और मरने के बाद जहाँ जाना है उस लोक को सुधारेगी। कथा में बैठने से यदि आपका शोक दूर हो जाय और आपको थोड़ा विश्राम मिले अच्छा लगे तो समझो आपका कथा में आना और सुनना सार्थक हो गया।' यह उद्गार आज बेलूर के बिका बैंक्वेट हॉल में धनानिया परिवार की ओर से आयोजित नवदिवसीय श्रीराम कथा का शुभारंभ करते हुए परम श्रद्धेय शंभुशरण लाटा ने व्यक्त किये। उन्होंने कहा कि यह कथा काम, क्रोध, मद, लोभ इसको मिटाती नहीं है थोड़ा दूर हटाती है। वैसे भी काम के बिना सृष्टि चले क्या? लाख कोई गाली दे - काम बुरा! काम बुरा!! लेकिन इसके बिना सृष्टि ठप हो जायेगी। काम नितान्त आवश्यक है। जो साधु महात्मा भगवान को पा गए, उनकी बात अलग है। बाकी सांसारियों के लिए यह सब जरूरी भी है लेकिन आवश्यकतानुसार। पं. लाटा जी ने कथा का महात्म्य समझाते हुए कहा कि यह कथा कहती है - काम, क्रोध, मद, लोभ हटाएं - इनसे थोड़ी दूरी बनाये, हम इनमें डूब ना जायें। उन्होंने कहा कि आज के आदमी को जीना कहाँ आता है? खाना-पीना, कमाना परिवार बढ़ाना बस। इतनी विधा है हमारे पास लेकिन ये काम पशु भी करते हैं। हमसे आपसे अच्छा करते हैं। जीने की सब विधा में आपका व्यापार हो गया, परिवार हो गया। लेकिन परिवार में एक दूसरे के साथ कैसा संबंध होना चाहिए? वो विधा वो कला वो तरीका सिखाती है यह कथा। अपने जन्म जन्मांतर के पापों के कारण आप हम दु:ख पा रहे हैं उसको मिटा देती है ये कथा। अब प्रश्न यह उठता है कि इतनी ताकत कहाँ से आ गई है इस कथा में तो यह कथा है 'राघवेन्द्र सुख धाम' अर्थात राम सुख के धाम हैं यह राम की कथा है आपकी हमारी कथा नहीं। कथा प्रारंभ से पूर्व आयोजक परिवार के सदस्यों ने व्यास पीठ का पूजन वंदन किया। यह कथा 11 जनवरी तक प्रतिदिन दोपहर 2.30 बजे से शाम 6.30 बजे तक होगी।

## कल्याणी में 'वंदे मातरम के 150 वर्ष' थीम पर सीबीसी पवेलियन का उद्घाटन



**कोलकाता :** केंद्रीय पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय के राज्य मंत्री शांतनु ठाकुर ने शुक्रवार को नदिया जिले के कल्याणी स्थित सेंट्रल पार्क में केंद्रीय संचार ब्यूरो (सीबीसी) द्वारा स्थापित 'वंदे मातरम् के 150 वर्ष' थीम आधारित पवेलियन का उद्घाटन किया। यह पवेलियन एकीकृत संचार एवं आउटरीच कार्यक्रम (आईसीओपी) के अंतर्गत आयोजित किया गया है। उद्घाटन समारोह के दौरान सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के अंतर्गत प्रेस सूचना ब्यूरो/सीबीसी, पूर्व क्षेत्र के महानिदेशक टी.वी. के. रेड्डी सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। इस अवसर पर शांतनु ठाकुर ने 'वंदे मातरम् के 150 वर्ष' विषय पर प्रदर्शनी के आयोजन के लिए सीबीसी के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस तरह की पहलें देशभक्ति की भावना को जन-जन तक पहुंचाने में सहायक होती हैं और बंगा संस्कृति उत्सव जैसे आयोजनों को नई दिशा और सार्थकता प्रदान करती हैं, जिसके अंतर्गत यह पवेलियन लगाया गया है। आईसीओपी के तहत विभिन्न समसामयिक और राष्ट्रीय महत्व के विषयों पर संगोष्ठियों और प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। इनमें 'वंदे मातरम के 150 वर्ष', वीबी-जी राम जी अधिनियम, 2025 के लाभ, श्रम सुधार, साइबर अपराध, मिशन लाइफ, महिला एवं बाल स्वास्थ्य जैसे विषय शामिल हैं। उल्लेखनीय है कि यह एकीकृत संचार एवं आउटरीच कार्यक्रम 6 जनवरी 2026 तक चलेगा।

### क्रिसमस पर कैलिफोर्निया बादाम से बनाएं सेहत और स्वाद का संतुलन

**कोलकाता, समाज्ञा :** 15 आवश्यक पोषक तत्वों से भरपूर कैलिफोर्निया बादाम न केवल ऊर्जा प्रदान करते हैं, बल्कि दिल की सेहत को बढ़ावा देने और भूख को नियंत्रित करने में भी सहायक होते हैं। खानपान विशेषज्ञों के अनुसार, क्रिसमस के दौरान भारी और मीठे व्यंजनों के बीच बादाम जैसे पौष्टिक खाद्य पदार्थ शरीर को संतुलित रखने में मदद करते हैं। इन्हें नाश्ते, मिठाइयों, बेक्ड आइटम्स या गिफ्ट हैंपर्स में आसानी से शामिल किया जा सकता है। मैक्स हेल्थकेयर, नई दिल्ली की रीजनल हेड-डाइटीटिक्स रितिका समद्दार ने कहा, क्रिसमस का समय स्वादिष्ट व्यंजनों से भरपूर होता है, लेकिन ऐसे खाद्य पदार्थों को शामिल करना फायदेमंद है जो स्थिर ऊर्जा और तृप्ति प्रदान करें।

### तालाब में नहाने के दौरान व्यक्ति की डूबने से मौत

**आसनसोल :** पांडवेश्वर थाना अंतर्गत श्यामला इलाके के खोट्टाडीह गांव में शनिवार के तड़के एक युवक की तालाब में डूबने से मौत हो गई। मृतक की पहचान जयंत रुईदास (32) के रूप में हुई है। वह खोट्टाडीह गांव के दास पाड़ा का रहने वाला था। सूत्रों का कहना है कि जयंत नशे का आदी था। पत्नी के मायके जाने से परेशान रहता था। स्थानीय लोगों को शक है कि वह नशे में तालाब में गिर गया होगा और गहरे पानी में डूबकर मर गया होगा। घटना का पता चलते ही स्थानीय लोग तालाब के किनारे जमा हो गए। सूचना मिलने पर पांडवेश्वर थाने की पुलिस और जिला सिविल डिफेंस की क्यूआरटी टीम मौके पर पहुंची। आपदा प्रबंधन के तीन घंटे के मशक्कत के बाद शव बरामद किया गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए ले गई।

## पूर्व रेलवे के आरपीएफ ने घायल व बीमार यात्रियों को दी त्वरित सहायता



**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे की रेलवे सुरक्षा बल ने मिशन सेवा के तहत 2 जनवरी को घायल एवं बीमार व्यक्तियों को समय पर सहायता प्रदान कर उनकी जान बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। आसनसोल एवं सियालदह मंडलों के आरपीएफ कर्मियों ने विभिन्न रेलवे परिसरों में घायल अथवा अस्वस्थ अवस्था में पाए गए कुल पांच व्यक्तियों (पुरुष एवं महिला) को सुरक्षित बचाया और आवश्यक सहायता उपलब्ध कराई। इनमें से दो व्यक्ति आंडाल तथा दमदम रेलवे स्टेशनों पर घायल अवस्था में पाए गए, जबकि तीन व्यक्ति बारासात, राणाघाट के पास तथा कृष्णनगर-बदकुल्ला रेलवे स्टेशनों के बीच बीमार हालत में मिले। आरपीएफ कर्मियों ने तत्परता दिखाते हुए सभी को प्राथमिक उपचार उपलब्ध कराया और आगे के चिकित्सकीय उपचार हेतु निकटतम सरकारी अस्पतालों में सुरक्षित रूप से भर्ती कराया। मिशन सेवा के अंतर्गत किए जा रहे ऐसे सक्रिय प्रयास आरपीएफ की मानवीय पुलिसिंग के प्रति अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं, जिसका उद्देश्य यात्रियों एवं रेलवे उपयोगकर्ताओं की सुरक्षा, संरक्षा और कल्याण सुनिश्चित करना है।

## विकसित भारत की ओर कदम, कल्याणी में वीबी-जी राम जी अधिनियम पर जागरूकता संगोष्ठी




**कोलकाता :** केंद्रीय संचार ब्यूरो (सीबीसी), क्षेत्रीय कार्यालय कोलकाता की ओर से कल्याणी स्थित सेंट्रल पार्क में आयोजित एकीकृत संचार एवं आउटरीच कार्यक्रम (आईसीओपी) के दूसरे दिन विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन (ग्रामीण) अधिनियम, 2025 (वीबी-जी राम जी अधिनियम, 2025) पर एक महत्वपूर्ण संगोष्ठी का आयोजन किया गया। बंगा संस्कृति उत्सव के अंतर्गत आयोजित इस संगोष्ठी को प्रतिभागियों की सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली।

ग्रामीण विकास मंत्रालय के उप सचिव सुमन मजूमदार ने संगोष्ठी को संबोधित करते हुए अधिनियम की प्रमुख विशेषताओं की विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर प्रेस सूचना ब्यूरो, कोलकाता के पूर्वी क्षेत्र के महानिदेशक टी.वी.के. रेड्डी सहित कई वरिष्ठ अधिकारी और गणमान्य अतिथि उपस्थित थे। श्री मजूमदार ने बताया कि वीबी-जी राम जी अधिनियम, 2025 के तहत प्रत्येक ग्रामीण परिवार को अब वर्ष में 125 दिनों का गारंटीकृत रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा, जो पूर्व में 100 दिन था। उन्होंने कहा कि यह अधिनियम आजीविका सृजन, ग्रामीण आधारभूत ढांचे के विकास, समान विकास और टिकाऊ परिसंपत्तियों के निर्माण पर केंद्रित है तथा इसने मनरेगा का स्थान लिया है।

उन्होंने समन्वित कार्यप्रणाली, संतृप्ति आधारित योजना और विकसित भारत 2047 के लक्ष्यों के अनुरूप योजनाओं के पुनर्संरेखण पर भी जोर दिया। साथ ही तकनीक के माध्यम से पारदर्शिता, समय पर भुगतान, बेरोजगारी भत्ता और महिला श्रमिकों को सशक्त बनाने के प्रावधानों की जानकारी दी। संगोष्ठी के दौरान लाभार्थियों से सीधा संवाद किया गया और उनकी जिज्ञासाओं का समाधान किया गया। कार्यक्रम का समापन अधिनियम पर आधारित प्रश्नोत्तरी के साथ हुआ, जिसमें लाभार्थियों, कारीगरों और आम नागरिकों की सक्रिय भागीदारी रही।

## राज्य में एक और बीएलओ की मौत, एसआईआर के काम के कारण दबाव का आरोप

**कूचबिहार :** राज्य में एक और बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) की मौत हो गई। परिवार का आरोप है कि राज्य में चल रहे एसआईआर कार्य से संबंधित दबाव के कारण उनका स्वास्थ्य बिगड़ गया। यह घटना कूचबिहार जिले में हुई। बताया गया है कि बीएलओ को शुक्रवार की रात सीने में दर्द होने पर अस्पताल में भर्ती कराया गया था और इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। उनके परिवार का आरोप है कि वे एसआईआर संबंधी कर्तव्यों के दबाव के कारण बीमार पड़ गए थे और अवसाद से भी पीड़ित थे। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, मृतक बीएलओ की पहचान आशीष धर के रूप में हुई है, जो कूचबिहार-दो ब्लॉक के बनेश्वर क्षेत्र के इछामारी गांव के निवासी थे। वे क्षेत्र में बूथ संख्या 103 के प्रभारी थे। परिवार के सदस्यों ने बताया कि आशीष कई दिनों से एसआईआर कार्य के कारण तनाव में थे। शुक्रवार को जब उन्होंने सीने में दर्द की शिकायत की, तो परिवार के सदस्य उन्हें अस्पताल ले गए। उनका अस्पताल में इलाज चल रहा था, लेकिन अस्पताल में भर्ती रहते हुए ही उनका निधन हो गया। आशीष पुरबा गोपालपुर फोर्थ प्लान प्राइमरी स्कूल में सहायक शिक्षक थे। एसआईआर प्रक्रिया शुरू होने के बाद से वे शिक्षण और बीएलओ दोनों जिम्मेदारियों को एक साथ निभा रहे थे, जिसके कारण उन्हें गंभीर तनाव और अवसाद हो गया था। शनिवार को आशीष को अपने बूथ पर 39 लोगों की सुनवाई करनी थी। परिवार के सदस्यों ने बताया कि वे कार्यभार को लेकर चिंतित थे और उन्होंने बार-बार इस बात पर चिंता व्यक्त की थी कि वे सौंपे गए कार्यों को कैसे पूरा करेंगे।

## पंचवटीधाम में शुरू हुआ श्री श्याम मंडल नूतन बाजार का 56वां श्री श्याम महोत्सव



**कोलकाता :** श्याम जगत में श्याम भक्तों की अग्रणी धर्मनिष्क सामाजिक संस्था श्री स्वाम मण्डल (नूतन बाजार) कर 56वाँ श्री स्वाम महोत्सव मण्डल के गुरुवर ब्रह्मलीन काशीराम जी शर्मा के आशीर्वाद से और श्री औंकारमलजी शर्मा के पावन सान्निध्य में शनिवार की शाम वी.आई.पी. रोड के श्री श्याम मंदिर पंचवटीधाम प्रांगण में स्थित श्री श्याम बाबा मंदिर परिसर में ज्योति प्रचलन के साथ प्रारंभ हुआ। महानगर के सबसे भव्य, विशाल व सर्वाधिक अवधि तक चलने वाले इस महोत्सव में सजाये गये श्री श्याम प्रभु के अनुपम दरवार से पंचवटीधाम में खाटूधाम सा नजारा परिलक्षित होने लगा। यहां पर सज्जित अनेक झांकियों जहाँ एक ओर उत्सव स्थल की शोभा बढ़ा रही हैं वहीं दूसरी और भक्तों के पारम आकर्षण का केन्द्र भी बनी हुई हैं। इसके अलावा, यहां मुख्य दरवार में सजी श्री हनुमानजी, श्री शंकरजी सहित अन्य देवी-देवताओं की झांकियां भी आकर्षित कर रही हैं। आयोजकों ने बताया कि श्री श्याम मण्डल नूतन बाजार श्री श्याम प्रभु की साधना के साथ ही जनसाधारण के लिए पूरे साल विविध सेवा प्रकल्प संचालित करती है जिनमें फागुन मेला के दौरान खाटूधाम में लगातार दस दिनों तक देश-दुनिया से पहुंचने वाले लाखाधिक श्याम भक्तों के लिए आवास भोजन सहित अन्य सेवाओं का प्रबंध प्रमुख है। आज महोत्सव के शुरू होते ही भजनों के गंगा में गोते लगाने और की श्याम प्रभु की झांकी के दर्शन हेतु भारी संख्या में श्याम भक्त आयोजन स्थल पर एकत्रित होने लगे। रविवार देर रात तक चलने वाले इस महोत्सव में अन्य राज्यों सहित कोलकाता हावड़ा व अन्य स्थानों की भजन मण्डलियों व स्वनामधन्य भजन प्रवाहकों द्वारा भजनों का कार्यक्रम प्रस्तुत किया जा रहा है। मण्डल के सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ता महोत्सव की सफलता हेतु सक्रिय हैं।

### दिल्ली में वर्ल्ड योगा कप में बागनान योगाचार्य आश्रम का शानदार प्रदर्शन



**हावड़ा, समाज्ञा :** दिल्ली के गाजियाबाद में 27 दिसंबर को आयोजित यूवाईएसएफ वर्ल्ड योगा कप 2025 में बागनान योगाचार्य आश्रम के छात्र-छात्राओं ने अंतरराष्ट्रीय मंच पर उल्लेखनीय सफलता हासिल की। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में भारत सहित चीन, थाईलैंड, भूटान, नेपाल, म्यांमार, ग्रेट ब्रिटेन, श्रीलंका, मलेशिया, पुर्तगाल और मकाऊ समेत 14 देशों के लगभग 300 योग प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में बागनान योगाचार्य आश्रम के विद्यार्थियों ने एक के बाद एक स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक जीतकर सभी का ध्यान खींचा। आश्रम के पांच छात्र 'चैंपियन ऑफ द चैंपियंस' बने और उन्हें स्कूटी पुरस्कार के रूप में प्रदान की गई। 11-12 वर्ष की बालिका वर्ग में तृतीय स्थान प्राप्त कर कांस्य पदक जीतने वाली तमसा अधिकारी ने भी विशेष उपलब्धि हासिल की। पिछले पांच वर्षों से योग का अभ्यास कर रहीं तमसा आमता आइडियल पब्लिक स्कूल की कक्षा पांच की छात्रा हैं। इससे पहले वे जिला और राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में भी पुरस्कार जीत चुकी हैं। योग प्रशिक्षक प्रदीप गुड़िया ने बताया कि नियमित अभ्यास और एकाग्रता ही इस सफलता की कुंजी है।

## आसनसोल मंडल में रेलवन ऐप को लेकर यात्री जागरूकता अभियान




**आसनसोल :** पूर्व रेलवे के आसनसोल मंडल द्वारा यात्रियों को डिजिटल सुविधाओं से जोड़ने के उद्देश्य से शनिवार को मधुपुर रेलवे स्टेशन के बुकिंग कार्यालय में रेलवन ऐप के उपयोग को बढ़ावा देने हेतु यात्री जागरूकता अभियान आयोजित किया गया। अभियान के दौरान रेलवे अधिकारियों ने यात्रियों से संवाद कर भारतीय रेल के ऑल-इन-वन मोबाइल एप्लिकेशन रेलवन ऐप की प्रमुख सुविधाओं की जानकारी दी। यात्रियों को बताया गया कि इस ऐप के माध्यम से अनारक्षित टिकट एवं प्लेटफॉर्म टिकट की बुकिंग, पीएनआर स्थिति की जांच, ट्रेन की लाइव रनिंग स्थिति, समय-सारिणी, कोच पोजीशन, किराया पूछताछ और सीट उपलब्धता जैसी सेवाएं एक ही प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध हैं। इसके अतिरिक्त रेल मदद के जरिए शिकायत निवारण, खानपान सेवा, रिफंड स्थिति और स्टेशन संबंधी जानकारी भी प्राप्त की जा सकती है।

रेलवे कर्मियों द्वारा ऐप को डाउनलोड और उपयोग करने की प्रक्रिया का लाइव प्रदर्शन किया गया तथा सुरक्षित डिजिटल भुगतान विकल्पों की जानकारी दी गई। यात्रियों को डिजिटल टिकटिंग अपनाने के लिए प्रेरित किया गया, जिससे समय की बचत हो और काउंटरों पर भीड़ कम हो। इस अवसर पर बताया गया कि 14 जनवरी से 14 जुलाई 2026 तक पायलट आधार पर डिजिटल भुगतान से अनारक्षित टिकट बुक करने पर 3 प्रतिशत की छूट दी जाएगी, जबकि आर-वॉलेट पर 3 प्रतिशत कैशबैक जारी रहेगा। इस अभियान को यात्रियों की सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली।

## अभिषेक बनर्जी ने भाजपा की तुलना सांप से की, कहा...

# 'अगर अपने आंगन में रखेंगे तो वह आपको काटेगा ही'

**अलीपुरद्वार :** तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी ने भाजपा की तुलना सांप कर दी है। उन्होंने अलीपुरद्वार में एक कार्यक्रमम के दौरान कहा कि भाजपा एक सांप की तरह है। इतना ही नहीं, तृणमूल सांसद ने एसआईआर के दौरान कथित तौर पर गलत तरीके से वोटर लिस्ट से नाम हटाने के मामले में मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार पर भी निशाना साधा। अभिषेक बनर्जी ने अपने बयान में कहा कि भाजपा एक सांप की तरह है। अगर आप अपने आंगन में 1 या 18 सांप रखेंगे, तो आखिरकार वह आपको काटेंगे ही। इस बार आने वाले चुनावों में यह पक्का करें कि अलीपुरद्वार में कोई सांप न रहे। कार्यक्रम के दौरान तृणमूल सांसद ने कहा कि मैं भाजपा से 10 गुना ज्यादा जिद्दी हूं, और इस तरह के बर्ताव के आगे सिर्फ भाजपा ही झुकती है। आने वाले चुनावों में ईवीएम के जरिए उन्हें सबक सिखाने के लिए लाइन में खड़े हों। जो लोग संविधान बदलना चाहते हैं, उन्हें आखिर में सत्ता से हटाना ही होगा।

**❑ ज्ञानेश कुमार को बताया 'वैनिश कुमार'**

अभिषेक बनर्जी ने वोटर लिस्ट के चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर चुनाव आयोग पर सीधा निशाना साधा। अभिषेक ने आरोप लगाया कि योग्य मतदाताओं के नाम मनमाने ढंग से लिस्ट से हटाए जा रहे हैं। कथित तौर पर, गलत तरीके से मतदाता सूची से नाम हटाने को लेकर उन्होंने



मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को 'वैनिश कुमार' कहा। उन्होंने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि क्या आप ज्ञानेश कुमार को जानते हैं? वह एक जादूगर हैं। वह जीवित लोगों को वोटर लिस्ट से गायब कर सकते हैं और मरे हुए लोगों को चला सकते हैं। वह अब 'वैनिश कुमार' हैं। इतना ही नहीं, अभिषेक बनर्जी ने एसआईआर अभ्यास की तुलना नोटबंदी से की, और नरेंद्र मोदी सरकार पर लोगों को गुमराह करने का आरोप लगाया।

**❑ चाय बागान श्रमिकों की मजदूरी 300 रुपये की जाएगी, अभिषेक का वादा**

तृणमूल सांसद ने चाय बागान मजदूरों की समस्याओं के बारे में सवाल-जवाब सत्र के दौरान कहा कि मैं यहां सिर्फ एकतरफा बात करके जाने के लिए नहीं आया हूं। मैं आपकी बातें भी सुनूंगा। जो भी काम हो सकेगा, मैं करने की कोशिश करूंगा। इसके बाद, तृणमूल श्रमिक संघ के नेता बिरेंद्र बारा ने अभिषेक को चाय बागान के मजदूरों की समस्याओं वाली चिटें दीं। चिटों पर सवाल पूछने वालों के नाम भी लिखे थे। राजेश ओरांव की लंबी शिकायत सुनने के बाद अभिषेक बनर्जी ने उन्हें स्टेज पर बुलाया। फिर, उन्होंने एक-एक करके सवालों के जवाब देने शुरू किए, जिसकी शुरुआत चाय बागान के श्रमिकों की मजदूरी से हुई। अभिषेक ने कहा कि आप जिन दिक्कतों का सामना कर रहे हैं, वे असली हैं। जलाने की लकड़ी और स्वास्थ्य सुविधाओं की दिक्कतें हैं। 14 साल पहले मजदूरी 67 रुपये थी। संघर्ष और विरोध के जरिये हमने इसे 250 रुपये तक बढ़ाया। पिछली बार जब मैं यहां आया था, तो यह 232 रुपये थी। मैं झूठ नहीं बोलूंगा। आजकल 250 रुपये में घर-परिवार नहीं चल सकता। गुजारे का खर्च बढ़ रहा है, और बच्चों की पढ़ाई का खर्च भी है। अभिषेक ने वादा किया कि मैं आपको भरोसा दिलाना चाहता हूं कि अब से कुछ महीनों बाद, जब ममता बनर्जी की सरकार बनेगी, एक महीने के अंदर मैं या सरकार से कोई त्रिपक्षीय बैठक बुलाएगा। इसमें सरकार, चाय मजदूरों की यूनियन और चाय बागान मालिकों के प्रतिनिधि मौजूद रहेंगे। उस त्रिपक्षीय बैठक के एक सप्ताह के अंदर, मैं आपको भरोसा दिलाता हूं कि चाय बागान श्रमिकों की मजदूरी बढ़ाकर 300 रुपये कर दी जाएगी। लेकिन उससे पहले, हमें भाजपा को सबक सिखाना होगा, जो हमारे पैसे रोक रही है।

## संदेशखाली में तृणमूल कार्यकर्ता को गिरफ्तार करने गई पुलिस पर हमला, 6 जवान घायल

**❑ पुलिस पर हमले के आरोप में 9 गिरफ्तार**

**कोलकाता, समाज्ञा :** उत्तर 24 परगना जिले के संदेशखाली अंतर्गत नैजाट थाना अंतर्गत बयारमारी इलाके में जमीन विवाद से जुड़े एक मामले में अभियुक्तों को पकड़ने गई पुलिस टीम पर हमला किया गया। शुक्रवार की रात हुई इस घटना में एक अधिकारी सहित छह पुलिस कर्मी घायल हो गए। हमलावरों ने पुलिस वाहन में भी तोडफोड की। पुलिस सूत्रों के अनुसार, जमीन विवाद के सिलसिले में स्थानीय निवासी मूसा को पहले ही नोटिस दिया गया था, लेकिन आरोप है कि वह लगातार नोटिस की अनदेखी कर रहा था। इसी कारण शुक्रवार को पुलिस उसे पकडने बयारमारी इलाके में पहुंची।



आरोप है कि जैसे ही पुलिस मूसा को हिरासत में लेने की कोशिश कर रही थी, उसके समर्थक अचानक पुलिस पर चढ़ पड़े। उन्होंने मूसा को मौके से फरार होने में मदद की। जब पुलिस ने उसे रोकने का प्रयास किया तो स्थानीय लोगों ने पुलिस पर हमला कर दिया और वाहन में तोड़फोड़ की। घटना की जानकारी मिलते ही अतिरिक्त पुलिस बल मौके पर पहुंचा और हालात को काबू में किया गया। पुलिस इस मामले में नौ स्थानीय निवासियों को हिरासत में लेकर थाने ले गई। बताया गया है कि पूरे घटनाक्रम में शामिल लोगों की पहचान के लिए बयारमारी ग्राम पंचायत के प्रधान और उपप्रधान से भी पूछताछ की जा रही है।

## रेत तस्करी मामले में ईडी ने 14 कंपनियों के खिलाफ दायर की चार्जशीट

### ईडी ने 145 करोड़ रुपये के भ्रष्टाचार किया दावा

**कोलकाता, समाज्ञा :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने रेत तस्करी मामले में चार्जशीट दाखिल कर दी है, केंद्रीय एजेंसी के सूत्रों ने शनिवार को यह जानकारी दी। ईडी अधिकारियों ने बताया कि ईडी ने अरुण शरफ और अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के 60 दिनों के भीतर चार्जशीट दाखिल की। शनिवार को चार्जशीट बैंकशाल कोर्ट परिसर में ईडी की स्पेशल कोर्ट में कुल 14 कंपनियों के खिलाफ जमा की गई। ईडी ने दावा किया कि 145 करोड़ रुपये का भ्रष्टाचार हुआ है। ईडी अधिकारियों ने बताया कि जांच एजेंसी ने यह भी दावा किया कि यह पैसा कथित तौर पर जीडी माइनिंग सहित 14 कंपनियों के जरिए मनी लॉन्ड्रिंग किया गया था। उल्लेखनीय है कि जीडी माइनिंग के मालिक अरुण शरफ को पिछले साल 6 नवंबर को ईडी ने गिरफ्तार किया था। ईडी ने आरोप लगाया कि अरुण शरफ ने हर तरह का फ्रॉड किया। आरोप है कि अरुण शरफ ने पश्चिम बंगाल रेत (खनन, परिवहन, भंडारण और बिक्री) के सभी नियमों और विनियमों की पूरी तरह से अनदेखी की और अवैध रेत खनन और बिक्री के ज़रिए भारी मुनाफा कमाया। केंद्रीय जांच एजेंसी के जासूसों ने दावा किया कि रेत ले जाने के लिए अधिकृत ट्रक का लाइसेंस प्लेट नंबर देना होता था।

हालांकि, आरोप है कि इस रेत तस्करी ऑपरेशन में शामिल कई ट्रकों के लिए एक ही नंबर का इस्तेमाल किया गया था। कई मामलों में, राज्य के अधिकारियों को इसका पता नहीं चला। जांच में यह भी पता चला है कि उपरोक्त गतिविधियों से उत्पन्न अवैध नकदी को बिना बताए नकद जमा के ज़रिए नियमित खातों में मिला दिया गया था। ईडी ने इस मामले की जांच के बाद आखिरकार चार्जशीट दाखिल कर दी।

## शांतिपुर में सड़क हादसे में दो की की मौत, दो घायल

**कोलकाता, समाज्ञा :** नदिया जिले के शांतिपुर थाना क्षेत्र के फूलिया प्रफुल्लनगर में 12 नंबर राष्ट्रीय सड़क पर शनिवार को एक भयानक सड़क दुर्घटना में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना तब हुई जब दो बाइक आमने-सामने टकरा गईं। मृतकों में से एक की पहचान उत्तम राजवंशी (58) के रूप में हुई है, जो शांतिपुर थाना क्षेत्र के बेलघरिया के निवासी थे। दूसरे मृतक की शिनाख्त नहीं हो सकी है। गंभीर रूप से घायल दो लोगों को शांतिपुर स्टेट जनरल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, एक कटे हुए रास्ते के कारण हादसा हुआ। कटे रास्ते से एक बाइक मेन रोड पर चढ़ रही थी, तभी दूसरी बाइक तेज गति से राष्ट्रीय सड़क पर आ रही थी और दोनों की टक्कर हो गई। टक्कर के बाद दोनों बाइक पर सवार चारों लोग सड़क पर छिटक गए। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि बाइक की गति इतनी अधिक थी कि सवार लगभग पांच हाथ दूर तक उड़कर गिरे। खबर मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और घायलों को अस्पताल भेजा। अस्पताल में चिकित्सकों ने दो को मृत घोषित कर दिया जबकि दो अन्य का उपचार जारी है। दोनों की हालत नाजुक बताई गई है।

## जेयू में पूर्वी भारत का पहला पारंपरिक चिकित्सा मूल्यांकन केंद्र शुरू



**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता स्थित यादवपुर विश्वविद्यालय में पूर्वी भारत के पहले पारंपरिक चिकित्सा मूल्यांकन केंद्र (ट्रैडमेड-सीओई) का उद्घाटन किया गया, जहां अब हर्बल दवाओं की गुणवत्ता और सुरक्षा जांच की जाएगी। केंद्रीय आयुष मंत्रालय के अंतर्गत केंद्रीय आयुर्वेदिक विज्ञान अनुसंधान परिषद (सीसीआरएएस) द्वारा 9.66 करोड़ रुपये की लागत से इस केंद्र की स्थापना की गई है। विश्वविद्यालय के कुलपति चिरंजीब भट्टाचार्य, सीसीआरएएस के महानिदेशक वैद्य रवींद्रनारायण आचार्य और आयुष मंत्रालय के सलाहकार कौस्तुभ उपाध्याय की उपस्थिति में इस केंद्र का उद्घाटन किया गया। भट्टाचार्य ने बताया कि यह केंद्र हर्बल दवाओं के गुणवत्ता मानकीकरण, विषविज्ञान अध्ययन, सुरक्षा मूल्यांकन और मेटाबोलोमिक प्रोफाइलिंग पर काम करेगा तथा पारंपरिक ज्ञान को आधुनिक वैज्ञानिक पद्धतियों से जोड़कर साक्ष्य-आधारित अनुसंधान को मजबूती देगा।

## एसी कोच भी सुरक्षित नहीं, चलती ट्रेन में छिनतई से मचा हड़कंप

**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा के डोमजूर से गए 19 सदस्यों के एक पर्यटक दल के साथ चलती ट्रेन में छिनतई की घटना घटी। जिससे यात्रियों के बीच अफरा-तफरी मच गई। जानकारी के अनुसार, यह दल न्यू जलपाईगुड़ी से हावड़ा वापस लौट रहा था। इसी दौरान, सुबह करीब तीन बजे चलती डाउन दार्जिलिंग मेल के बी-1 कोच में सीट संख्या 20 पर बैठी यात्री श्यामली साहा का बैग अचानक एक बदमाश ने छीन लिया और चलती ट्रेन से कूदकर फरार हो गया। अन्य यात्रियों ने शोर मचाते हुए उसे पकड़ने की कोशिश की, लेकिन वह कुछ ही पलों में आंखों से ओझल हो गया। पीड़िता के पति गौतम साहा के अनुसार, बैग में नकद रुपये, एक महंगा मोबाइल फोन, आधार कार्ड और पैन कार्ड रखे थे।

वर्दवान स्टेशन के पास हुई इस घटना के बाद कोच में सवार यात्रियों ने सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े किए। यात्रियों का आरोप है कि एसी कोच में कोई सुरक्षा कर्मी तैनात नहीं था, जबकि अवांछित लोगों और फेरीवालों की आवाजाही जारी थी। कोच अटेंडेंट द्वारा रात में दरवाजा खुला छोड़ देने का भी आरोप लगाया गया है। स्टेशन पहुंचने पर यात्रियों ने नाराजगी जताई और सियालदह जीआरपी में शिकायत दर्ज कराई। यात्रियों ने सोशल मीडिया के जरिए रेल मंत्री को भी घटना से अवगत कराया। हालांकि, रेलवे ने सुरक्षा में लापरवाही के आरोपों से इनकार किया है। मामले की जांच जीआरपी कर रही है।

## सागर में ममता का मेगा दौरा: हेलिपैड मैदान में युद्धस्तर पर तैयारी, रंग-रोगन से सज रहा गंगासागर

**कोलकाता/सागर :** नए साल की शुरुआत में ही मुख्यमंत्री ममता बनर्जी गंगासागर के मेगा दौरे पर आ रही हैं। आगामी 5 जनवरी को होने वाले इस दौरे को लेकर दक्षिण 24 परगना के सागरद्वीप में ज़ोरदार तैयारियां शुरू हो गई हैं। जिस मैदान में मुख्यमंत्री हेलीकॉप्टर से उतरेंगी, उस हेलिपैड ग्राउंड का युद्धस्तर पर नवीनीकरण किया जा रहा है।

प्रशासनिक सूत्रों के मुताबिक, हेलिपैड ग्राउंड के रनवे की मरम्मत से लेकर चारों ओर सुरक्षा घेरा तैयार करने का काम तेज़ी से चल रहा है। मैदान में जहां-जहां दरारें पड़ी हैं, उन्हें सीमेंट से भरा जा रहा है और नई मिट्टी व घास डालकर ज़मीन को समतल किया जा रहा है। इसके साथ ही हेलिपैड की मार्किंग और आसपास के इलाकों में नए सिरे से रंग-रोगन का काम भी शुरू हो चुका है।



मुख्यमंत्री के दौरे में किसी भी तरह की चूक न हो, इसके लिए जिला मजिस्ट्रेट अरविंदु कुमार मीणा और सुंदरबन विकास मंत्री बंकिमचंद्र हाजरा खुद तैयारियों पर कड़ी नज़र रखे हुए हैं। 5 जनवरी से पहले सा-गरद्वीप को लगभग किले में तब्दील कर दिया गया है।

एक ओर जहां प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों की लगातार आवाजाही बनी हुई है, वहीं दूसरी ओर मुख्यमंत्री के उतरने वाले स्थल पर अंतिम क्षणों की तैयारियां जोरों पर हैं। कुल मिलाकर, मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के दौरे को लेकर गंगासागर में राजनीतिक और प्रशासनिक गतिविधियों का पारा चढ़ता नजर आ रहा है।

## धर्मतला चौराहे पर राजनीतिक बैठक, जुलूस और सभाओं पर प्रतिबंध

**कोलकाता :** कोलकाता पुलिस ने एक बार फिर धर्मतला चौराहे पर राजनीतिक बैठकों, जुलूसों और सभाओं पर प्रतिबंध लगा दिया है। इस संबंध में कोलकाता पुलिस आयुक्त मनोज वर्मा ने आदेश जारी किया है। यह निषेधाज्ञा भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 163 के तहत लागू की गई है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार, शहरवासियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से यह नई निर्देशिका जारी की गई है। इसके तहत बउबाजार थाना क्षेत्र, हेयर स्ट्रीट थाना क्षेत्र और हेडक्वार्टर ट्रैफिक गार्ड के अंतर्गत आने वाले इलाकों में यह प्रतिबंध प्रभावी रहेगा।

किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना को रोकने के लिए पुलिस निगरानी



बढ़ाई जाएगी और भीड़ नियंत्रण हेतु आवश्यक प्रशासनिक कदम उठाए जाएंगे। कोलकाता पुलिस ने स्पष्ट किया है कि आदेश का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

यह निषेधाज्ञा कुल 60 दिनों के लिए लागू की गई है, जो 2 जनवरी से 3 मार्च तक प्रभावी रहेगी। पुलिस ने अधिसूचना जारी कर इसकी जानकारी दी है।

## राज्यपाल ने राष्ट्रपति मुर्मू से मुलाकात की



**नयी दिल्ली/कोलकाता :** राज्यपाल सी.वी. आनंद बोस ने शनिवार को राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। राष्ट्रपति कार्यालय ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में बैठक की तस्वीर साझा करते हुए कहा कि राज्यपाल डॉ. सी.वी. आनंद बोस ने राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की।

## कोलकाता वस्त्र व्यवसायी सेवा ट्रस्ट का कार्यकारिणी बैठक संपन्न

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता वस्त्र व्यवसायी सेवा ट्रस्ट का कार्यकारिणी बैठक शनिवार को कलकत्ता एंग्लो गुजराती कॉलेज में संपन्न हुआ। बैठक में पदाधिकारी समेत कई गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। इस मौके पर संस्था के महासचिव ओमप्रकाश अग्रवाल ने बताया कि गंगासागर मेला के आरंभ के पूर्व ही मेला परिसर में विगत 45 दिनों से सेवा कार्य जारी है और यह आगामी 15 जनवरी तक निरंतर जारी रहेगा। आगामी 11 जनवरी को कोलकाता से पहला जत्था गंगासागर के लिए रवाना होगा। वहां लगभग 1000 लाभार्थियों को वस्त्र वितरण करने की योजना है। वर्तमान में, संस्था का स्वर्ण काल चल रहा है। मेला परिसर में सेवा कार्य के बजट



में प्रति वर्ष 25 फीसदी की बढ़ोतरी की जा रही है। इस वर्ष एक लाख श्रद्धालुओं की सेवा का लक्ष्य रखा गया है। इस बैठक में अर्षद मेहता, चंद्रेश मेघाणी, संजय अग्रवाल, मुकेश सेठ, राम बाबू, पाण्डेय जी, पप्पू खारा, राजकुमार अग्रवाल, पंकज अग्रवाल, चमचम भाई, दिनेश मेहता, दीपक शाह, यश मेहता, दिनेश पटेल, राजीव जानी, परेश दफ्तरी, पुलिन पारिख समेत अन्य अतिथि उपस्थित रहे।

## चाय बोर्ड ने आयातित चाय की 100 प्रतिशत जांच का निर्णय लिया : डिप्टी चेयरमैन

**कोलकाता, समाज्ञा :** चाय बोर्ड के डिप्टी चेयरमैन सी मुरुगन ने शनिवार को भरोसा दिलाया कि देश में सस्ती और निम्न गुणवत्ता वाली चाय के आयात को रोकने के लिए आयात की गुणवत्ता का 100 प्रतिशत परीक्षण किया जाएगा। चाय उद्योग ने शिकायत की है कि नेपाल और वियतनाम जैसे देशों से सस्ती और खराब गुणवत्ता वाली चाय देश में आ रही है, जिससे उद्योग को नुकसान हो रहा है। चाय एसोसिएशन ऑफ इंडिया (टीएआई) की द्विवार्षिक बैठक में मुरुगन ने कहा कि बोर्ड आयात की गुणवत्ता का 100 प्रतिशत परीक्षण करने की प्रक्रिया को औपचारिक रूप दे रहा है। उन्होंने बताया कि इस प्रक्रिया के लिए आवश्यक आधारभूत संरचना तैयार की जा रही है, जिसमें 15-20 दिन लगेंगे। इसके बाद कानूनी सलाह और वाणिज्य मंत्रालय की मंजूरी ली जाएगी। मुरुगन ने कहा कि बोर्ड उद्योग में सुविधा प्रदान करेगा और नियंत्रण को आसान बनाएगा। चाय बोर्ड नीलामी प्रणाली में सीधे शामिल नहीं होगा, लेकिन इसे सुगम बनाएगा। साथ ही, भारतीय चाय के प्रचार और विपणन को बढ़ावा देने का प्रयास भी करेगा। उन्होंने बताया कि चाय विकास और प्रचार योजना के तहत अगले पांच वर्षों में 1,500 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है, जिससे छोटे चाय उत्पादकों को भी लाभ मिलेगा। राज्य के श्रम सचिव अवनींद्र सिंह ने कहा कि चाय उद्योग कठिन दौर से गुजर रहा है। नेपाल से आयातित सस्ती और निम्न गुणवत्ता वाली चाय दार्जीलिंग चाय उद्योग को नुकसान पहुंचा रही है। उन्होंने उद्योग से अपील की कि बंद चाय बागानों को खरीदकर उन्हें पुनर्जीवित किया जाए और इसमें कामगारों को इक्विटी देकर उनकी भागीदारी सुनिश्चित की जाए। इससे कामगारों में स्वामित्व की भावना विकसित होगी।

### Name Change

I, Rakesh Goyal S/o Sri Shankar Lal Goyal, resident of 105/17/1, Girish Ghosh Road, P. O. & P. S. Liluah, Bally (M), District – Howrah – 711204 do hereby declare that I have changed my son's name from KESHAB GOYAL to KESHAV GOYAL and henceforth he shall be known as KESHAV GOYAL in all purpose, vide affidavit No. 33683 sworn before the Court of Ld Judicial Magistrate 1st Class at Alipore on dated 31/12/2025. KESHAV GOYAL and KESHAB GOYAL both are same and one identical person.

### NAME CHANGE

I, Chayna Ghosh, W/O- Nitya Ghosh, residing at Vill.- Mururia, P.O.- Gorora, P.S.- Nabagram, Dist.- Murshidabad, W.B. My name has been wrongly recorded as Chaina Ghosh in my son's Indian Army Portal. So now I shall henceforth be known as Chayna Ghosh as declared before the 1st class Judicial Magistrate, Lalbagh, Murshidabad vide affidavit no. 5192 dated 09/12/2025 Chaina Ghosh and Chayna Ghosh both are same and identical person.

## बांग्लादेशी शिनाख्त पर महिला बीएलओ की जूते से पिटाई

### डानकुनी में मतदाता सूची जांच के दौरान घटना को दिया गया अंजाम

**हुगली, समाज्ञा :** जिले के डानकुनी इलाके में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्य के दौरान एक महिला बूथ स्तरीय अधिकारी (बीएलओ) के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। आरोप है कि 'बांग्लादेशी' नागरिक की शिनाख्त करने पर महिला बीए-लओ की जूते से पिटाई की गई। पीड़िता ने इस संबंध में थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। पीड़ित महिला बीएलओ का नाम बिमली टुडु हांसदा है। उन्होंने बताया कि एसआईआर कार्य के तहत उन्होंने अब्दुल रहीम गाजी नामक व्यक्ति



को बांग्लादेशी नागरिक के रूप में चिह्नित कर इसकी सूचना अपने उच्च अधिकारियों को दी थी। इसको लेकर गाजी और उसके परिवार के सदस्यों ने उन पर हमला किया और उनके साथ मारपीट की। बिमली के अनुसार, गाजी का नाम मतदाता सूची में दर्ज नहीं है। उन्होंने दावा किया कि गाजी बर्द्धमान जिले में रहने वाले एक व्यक्ति को अपना अभिभावक बताकर मतदाता सूची में नाम जुड़वाने का प्रयास कर रहा था। बिमली डानकुनी नगरपालिका के वार्ड नंबर दो स्थित बूथ नंबर पांच की बीएलओ हैं। हालांकि, इस पूरे मामले को लेकर स्थानीय तृणमूल कांग्रेस नेताओं ने बीएलओ की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े किए हैं। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। घटना ने एसआईआर प्रक्रिया के दौरान अधिकारियों की सुरक्षा और निष्पक्षता को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

## पद्मश्री बुला चौधरी के घर में फिर चोरी, पूरा घर किया तबाह

**हुगली, समाज्ञा :** पिछले साल 15 अगस्त को पद्मश्री तैराक बुला चौधरी के घर चोरी हुई थी। उनके कई मेडल खो गए थे। उस घटना को चार महीने भी नहीं हुए थे। हिंदमोटर के देबाईपुकुर में उनके घर में फिर से चोरी हो गई। शनिवार को वह अपने भाई के घर पूजा में शामिल होने हुगली गए थे। उनका घर पास में ही है। वह अपने घर चले गए। बुला चौधरी ने बताया कि जब उन्होंने दरवाज़ा खोला तो देखा कि उनके घर के सामने की खिड़की की ग्रिल टूटी हुई थी। पूरा घर बर्बाद हो गया था। हालांकि, बुला ने अभी तक यह नहीं बताया है कि क्या चोरी हुआ है। उनके अनुसार, पिछले अगस्त में चोरी के बाद, पुलिस हर रात घर पर पहरा देती थी। उसके बाद भी मुझे समझ नहीं आ रहा कि चोरी कैसे हुई। अब, मुझे समझ नहीं आ रहा कि क्या चोरी हुआ है। उन्होंने उत्तरपाड़ा थाने में शिकायत भी दर्ज करा दी है। उनका दावा है कि इस बार उनकी अलमारी टूटी हुई थी। सामान उल्टा-पुल्टा पड़ा था। पुलिस को मामले की सूचना देने के बाद जांच शुरू की गई। इस घटना के बारे में चंदननगर कमिश्नरेट के डीसीपी अर्नब बिस्वास ने कहा कि वह पहले ही इस घर से कीमती सामान ले जा चुका है। रात में उस घर पर एक गार्ड रहता है। यह घटना शायद शाम को हुई होगी। यह बहुत बुरी घटना है। सभी पहलुओं की जांच की जा रही है।




# दुर्लभ तीर्थ - गंगासागर

पवन कुमार कल्ला



बाकी तीर्थ बार-बार, गंगासागर एक बार। गंगासागर हिन्दुओं का दुर्लभ तीर्थ है जहाँ पहुँचना आम आदमी के लिए आज भी सहज नहीं है किन्तु हिन्दुओं के लिए गंगासागर की तीर्थ यात्रा जीवन में एक बार अत्यन्त आवश्यक है। देवर्षि नारद ने महाभारत में युधिष्ठिर को गंगासागर का माहात्म्य बतलाते हुए कहा था कि 'गंगासागर में एक बार स्नान दश अश्वमेध यज्ञों की फल प्राप्ति के समान है।'

इसी क्रम में आगे यह बतलाया गया है कि गंगा सभी जगह पतित पावनी है किन्तु हरिद्वार, प्रयाग और गंगासागर संगम में तो अधिक पुण्यवती है। गंगा का तो केवल पानी ही मोक्षप्रद होता है चाहे वह सामान्य जगह ही बहती हो किन्तु वाराणसी में तो मोक्ष, जल एवं स्थल दोनों में प्राप्त होता है और गंगासागर में तो जल, स्थल एवम् अन्तरिक्ष आदि तीनों में मोक्ष प्राप्ति का साधन है।

स्कन्द पुराण में तो ऐसा कहा गया है कि जो फल तीर्थ सेवा, सभी प्रकार के दान, सभी देवताओं की पूजा, सर्वविद् तपस्या और यज्ञ के पुण्य से प्राप्त होता है, वह गंगासागर में एक बार स्नान करने से प्राप्त हो जाता है।

गंगासागर दक्षिण-पश्चिम गंगा और ब्रह्मपुत्रा के डेल्टा पर अवस्थित एक मौजा है जो सागर-दीप के सुदूर दक्षिणी द्वार पर स्थित है। यह क्षेत्रा सुन्दरवन का एक हिस्सा है। प्रतिवर्ष सूर्य जब मकर राशि में प्रवेश करता है उस समय यहाँ मकर स्नान का मेला आयोजित होता है। यह पौष मास में चौदह-पन्द्रह जनवरी के आस-पास ही होता है।

चूंकि यह सुन्दरवन का हिस्सा है, इस कारण से दुर्गम पथ वाला, घाट विहीन, निर्जन स्थान है। सूर्यास्त के पश्चात जहां सदैव जंगली जानवरों का भय बना रहता है। भक्तजनों के लिए केवल जल मार्ग के अलावा और कोई रास्ता नहीं है जहां से वे गंगासागर पहुँच सकें। मकर संक्रांति के अवसर पर भरने वाले मेले में पांच लाख से भी अधिक यात्री सहभागी बनते हैं। उस समय भारत सहित नेपाल, भूटान, बांग्लादेश, श्रीलंका तथा विश्व के कोने-कोने से लोग उपस्थित होते हैं।

आजकल पूरे वर्ष ही गंगासागर तीर्थ यात्रा जाने वालों का क्रम चलता रहता है। यह स्थान इसलिए भी पवित्रा है कि गंगा, गंगोत्री से निकलने के पश्चात भारत के अन्य शहरों में भ्रमण करती हुई अन्त में सागर में विलीन होती है, अतः यह सागर-संगम है। हालांकि सागर-संगम स्थल पर गंगा का मुहाना पीछे हट गया है। अब वह केवल यहां आकर पतली धारा के रूप में ही संगमित होती है।

गंगासागर का इतिहास बहुत पुराना है। ठीक से यह नहीं बताया जा सकता कि यह संगम मेला कब से शुरु हुआ। महाकवि कालिदास के रघुवंश में इसका उल्लेख मिलता है। दूसरी शताब्दी के यूनानी इतिहासकार क्लाडियस टोल ने भी अपनी पुस्तक जिओग्राफिका हाएफा गासिस में भी गंगासागर का उल्लेख किया है।

मुसलमान इतिहासकार अल बरुनी ने अपनी प्रसिद्ध रचना 'किताब-उल- हिन्द' में गंगासागर का उल्लेख किया है कि यह वह क्षेत्रा है जो चक्रवातों, समुद्री लुटेरों, जंगली जानवरों, बाढ़ आदि से सदैव आतंकित रहा है। गंगासागर कोलकाता से 90 मील दक्षिण की ओर स्थित है। कोलकाता से यात्री प्रायः बस पश्चात जहाज पश्चात लघु गाड़ियों द्वारा गंगासागर पहुंचते हैं। आलेख लेखक पवन कुमार कल्ला ने कोलकाता से बस द्वारा यात्रा करके समुद्री किनारे तक पहुंच की। यह समुद्री तट हार्बल प्वाइंट के नाम से जाना जाता है। यह यात्रा 110 किमी. की रही।

हार्बल प्वाइंट से पानी मार्ग द्वारा 18 किमी. का सफर करके कचुबेड़ियाँ नामक स्थान पर पहुंचे।

चूंकि समुद्री तट होने के कारण से वर्षा होना यहां आम बात है इसलिए भीगते हुए ही यात्री काफिलों ने यह यात्रा की। कचुबेड़ियाँ एक प्रकार से स्टे प्वाइंट है। कचुबेड़ियाँ से फिर गंगासागर तक पहुंचने हेतु दस सीटों वाली गाड़ी में सवारियों को भरकर गंगासागर ले जाया जाता है। कचुबेड़ियाँ से गंगासागर तक का स्थान 40 किमी. तक सफर वाला है।

इस रास्ते में वर्षा की फुहारें, पेड़ों की सघन श्रृंखला की आबादी, बीच-बीच में झोपड़पट्टीनुमा कच्ची इमारतें, रास्ते में जमीन काट-काट कर वर्षा जल संग्रह स्थल, यानी लघु सरोवर हैं। इसी प्रकार से भूमि में खुदाई करके आयताकार लघु आकृतियों में मछली पालन के दृश्य लोक-लुभावन से लगते हैं।

वर्षा की फुहारों, विभिन्न प्रकार के पेड़-पौधों की हरीतियां, खुशबूदार फूलों और जंगल में झोपड़पट्टियां, पानी संग्रह व मछली पालन करते लोगों को आदिवासी लिबास में देखकर स्वर्गिक सुख का अनुभव किया।

गंगासागर पहुंचने पर वहां साइकिल रिक्शा खडे. रहते हैं जो सामान ढोने जैसे बने हुए हैं। गंगासागर से सागर तट लगभग 2-3 किमी. दूर है। इस कारण से थके हुए लोग उन तीन पहियों वाले सामान ढोने जैसे साइकिल रिक्शा में छः-सात की तादाद में बैठकर सागर संगम तक पहुंचते हैं। इस प्रकार से गंगासागर तट तक पहुंचने में चार चरणों की यात्रा की जाती है। इसीलिए कहा गया है कि 'सारे तीर्थ बार-बार, गंगासागर एक बार।'

सागर संगम स्थल पहुंचने पर अनन्त नील जलराशि की यात्री तरफ छितराई आभा, कल-कल ध्वनि करती जल तरंगें, समुद्रतटीय गुलमाच्छादित बालुकाराशि, रंग-बिरंगे रेंगने वाले केकडे, यह सब कुछ बरबस लोकलोचनों को अपनी ओर आकृष्ट करने से नहीं चूकते। 150 वर्गमील में फैला यह क्षेत्रा प्रायः जनहीन-सा लगता है। साधुओं की टोलियां जरूर वहां रहती है जिनकी संख्या अल्पमात्रा में ही है।

यहां मकर सक्रान्ति के अवसर पर पांच दिवसीय मेला लगता है। उस समय पश्चिमी बंगाल सरकार की तरफ से मेले को अंजाम दिया जाता है। संक्रांति पर्व पर यात्री रेत पर पडे. रहते हैं। समुद्र स्नान तीन दिन तक किया जाता है। इसके अलावा मुण्डन कर्म, श्राद्ध, पिण्डदान कर्म आदि किए जाते हैं। इसके बाद लोगों के लौटने का क्रम आरम्भ हो जाता है। गंगासागर में कपिलमुनि जी का मंदिर है जो वहां का मुख्य आकर्षण है। इस मंदिर की स्थापना श्री पंचनामी अखाड़ा हनुमानगढ़ी अयोध्या के महन्त द्वारा सन् 1973 में की गई जो संगम स्थल से दूर अवस्थित है। पास ही गंगाजी का मंदिर है। साथ में राजा सगर का भी मंदिर अवस्थित है। सिन्दूरी रंग की इन मूर्तियों में विशेष आकर्षण है।

गंगासागर जाते समय यात्री गण यह विशेष ध्यान रखें कि सागर संगम स्थल में ठहरने की पर्याप्त व्यवस्थाएं नहीं है. क्योंकि यात्रियों की संख्या भारी पैमाने पर होती है इसके अलावा सागर संगम स्थल पर पीने के पानी का अभाव है, इसलिए यात्रियों को जितने समय तक ठहरना हो, पानी का बंदोबस्त कर अपने साथ ले जाए।

गर्मियों के दिनों में सागर संगम स्थल से पांच बजे के आस-पास रवाना हो जाएं। सर्दियों में तो इससे भी कम समय में। कारण यह कि कचुबेड़ियां में ही ठहरने की माकूल व्यवस्था है जो 40 किमी. दूर पड़ता है और इस क्षेत्र में वर्षा की फुहारें व समुद्र की गर्जना आपको भयभीत कर सकती हैं।

कचुबेड़ियां से वापस उस तट तक पहुंचने के लिए समुद्र के ज्वार के उतरने का इंतजार किया जाता है। इस इंतजार में ही घण्टों लग जाते हैं। फिर जहाजों को भेड़-बकरियों की तरह भरा जाता है जो यात्रा को दुःखी बना देता है। हालांकि पर्यटन पुस्तकों में आने जाने के कुछ और रास्ते भी बताये गए है लेकिन लेखक ने वर्णित राह से ही यात्रा की है। (उर्वशी)

# क्या आपकी शादी होने वाली है

नीतू गुप्ता




कोई भी युवा लड़की जब ससुराल जाने के स्वप्न देखने शुरू करती है तो कुछ समय बाद उसे यह चिन्ता सताने लगती है कि वहां के लोगों के साथ अपनी ताल कैसे बिठा पाएगी? नए वातावरण में अपनी पहचान कैसे बना पायेगी? इस प्रकार के प्रश्न उसे बार-बार में परेशान करते रहते है।

यदि आप अपने मन में यह तय कर लें कि अपना परिवार छोड़कर दूसरे परिवार को अपनाना है और इसी प्रकार हंसते, खाते-पीते रहना है तो यह समस्या आपको कभी बड़ी नहीं लगेगी और थोड़ी-सी समझदारी से आप उस परिवार की चहेती बन जाएगी। कुछ बातों को ध्यान में रखते हुए सभी के दिलों पर राज करेंगी या उन सब के दिलों में अपने लिए जगह बना लेंगी।

- ननद और जेठानी से कभी ईर्ष्या न करें।
- सास-ससुर को यथासंभव सम्मान दें।
- कभी परिवार वालों की बातों को छिपकर न सुनें।
- जेठानी की चुगली सास, ननद से न करें। न ही सास, ननद की कोई बात जेठानी से करें।
- अपने पीहर वालों की बढ़ाई न करती रहें। तुलना करने से ससुराल वाले अपने को नीचा महसूस करने लगेंगे।
- दहेज में आए सामान पर केवल आपका अधिकार नहीं है। संयुक्त परिवार में बहुत सी चीजों पर परिवार वालों का भी अधिकार होता है।
- ससुराल से आने वाले रिश्तेदारों का स्वागत मन से करें, पर अपने मायके वालों को भी भूलें नहीं। उनको भी पूरा सम्मान दें।
- ससुराल के रीति-रिवाजों को समझकर, खुशीपूर्वक स्वीकार करें।
- पीहर में देने वाले उपहारों की चर्चा पति और सास से अवश्य करें। चुप-चाप उपहार देने से संबंध बिगड़ते हैं।
- घरेलू समस्याओं पर परिवार वालों के साथ बैठ कर चर्चा करें और उनका हल ढूंढने में सहायक बनें।
- पति को अपनी व्यक्तिगत जायदाद न समझें। उन्हें भी परिवार की जिम्मेदारियां निभाने का हक और समय दें।
- पारिवारिक समारोहों में खुशी से भाग लें और काम करने में यथासम्भव सहयोग दें।
- आर्थिक सहायता की आवश्यकता पड़ने पर यथासम्भव सहायता करें।
- बाहर जाने से पूर्व घर के बड़ों से सम्मानपूर्वक इज़ाजत लें।
- औरों से अधिक उम्मीदें न रखें। जितना सम्भव हो, उतना करें।
- बड़ों की छोटी मोटी टोकाटाकी पर बुरा न मानें। यदि टोकाटाकी अधिक हो तो पति की सहायता से कुछ विषयों पर स्पष्ट वार्तालाप करके अपनी बात समझाने का प्रयास करें।
- ससुराल से मिले उपहारों को सहर्ष स्वीकारें। चेहरे के हाव भाव से यह न जतलाएं कि उपहार आपके किसी काम का नहीं है या आपको पसंद नहीं है।
- फालतू की बहस के चक्कर में न पड़ें।
- इन छोटी-छोटी बातों को ध्यान में रखते हुए सभी की चहेती बन सकती हैं आप भी। (उर्वशी)

# बच्चे बनें मेमरी मास्टर




सुनीता गाबा

वैसे तो बच्चों की याददाश्त बड़ों से अधिक तेज होती है पर कई बच्चे बाकी बातें तो याद रख लेते हैं पर पढ़ाई को उतना अच्छा याद नहीं रख पाते हैं, कुछ बच्चे अपनी पसंद के विषयों को बहुत जल्दी याद कर लेते हैं और जिन विषयों में उनका इंटरेस्ट कम हो उन्हें याद रखना उनके लिए मुश्किल होता है। आइए कुछ टिप्स पर फोकस कर आप अपनी पढ़ाई को अच्छे से याद रख सकते हैं।

- पढ़ाई सारा साल जारी रखें। लास्ट में पेपरों से पहले पढ़ने पर निर्भर नहीं होना चाहिए।

- कुछ बच्चों को पढ़ते समय म्यूजिक सुनने का शौक होता है। गानों के स्थान पर इंस्ट्रूमेंटल म्यूजिक सुनें। म्यूजिक ऐसा हो जो पढ़ाई में बाधा उत्पन्न न करे।
- पढ़ने के लिए एक स्थान सुनिश्चित करें। रोजाना उसी स्थान पर पढ़ने से दिमाग खुद को पढ़ाई के लिए आसानी से तैयार कर लेता है।
- एक ही विषय पर फोकस न करें। दो-तीन विषय दिन में पढ़ें ताकि दिमाग एक ही विषय को पढ़कर बोर न हो जाए।
- जो विषय पढ़ना हो, उस विषय में खुद को इनवॉल्व कर लें। जो पढ़ें उसमें से कुछ प्रश्न बनाएं और उत्तर दें। तभी उस विषय में तन्मयता बढ़ेगी। जो पढ़ें, उसके मुख्य बिंदु नोट कर लें या समरी बना कर लिख लें।
- जिस विषय पर पढ़ रहे हैं, उसे विजुअलाइज करें, स्वयं से जोड़कर देंखे, या उस विषय की पिक्चर मन में बनाएं तो याद अच्छी तरह होगा और काफी समय तक भूलेगा नहीं। कभी किसी मित्रा को भी विषय ये जोड़ सकते हैं।
- पूरा चैप्टर पढ़ें। जब पुनः पढ़ें तो मुख्य प्वाइंट्स को अंडरलाइन करें ताकि रिवाइज करते समय उन बिंदुओं पर पूरा ध्यान दे सकें।
- दुबारा चैप्टर पढ़ने के बाद मुख्य प्रश्न देखों और उनके उत्तर मन में दोहराएं या जोर से बोल कर स्वयं को सुनाएं।
- क्लास में नोट्स बनाते समय अपने मन को एकाग्र रखें ताकि मुख्य प्वाइंट नोट कर सकें। घर की हर बात को नोट न करें इससे आपकी एकाग्रता भंग होगी अगर कुछ छूट जाएगा तो। ध्यान से सुनें ताकि बात को अच्छी तरह से समझ सकें, मात्रा नोट करने से कई बार घर पर समझ नहीं आती।
- जो भी तैयारी आप कर रहे हैं, याद कर रहे हैं, पहली बार एक दिन के बाद उसे दोहराएं, दूसरी बार एक सप्ताह के बाद।
- अगर किसी मित्रा को कुछ टॉपिक क्लीयर नहीं हैं और आपको है तो उसे समझाएं ताकि आपका रिवीजन हो सके।
- 50 मिनट की पढ़ाई के उपरांत 10 मिनट का ब्रेक लें ताकि बोर न हों।
- अपनी पढ़ाई के रूटीन में थोड़ा बदलाव अवश्य कर, एक ही तरीके से पढ़ाई करने पर या एक ही समय पर लगातार पढ़ने से पढ़ाई नीरस लगने लगती है। मन भी पढ़ाई में नहीं टिकता। (उर्वशी)

# सर्दियों का मौसम और सौंदर्य की रक्षा



रूबी

सर्दी के मौसम में चेहरे का सौंदर्य बनाए रखना किसी चुनौती से कम नहीं। इसकी वजह यह है कि शरीर के बाकी हिस्से तो ढके रहते हैं या ढके जा सकते हैं लेकिन चेहरे को तेज धूप, धूल, शुष्क हवा तथा प्रदूषण के आक्रमण का सीधा सामना करना पड़ता है और यही कारण है कि इन पर मौसम का प्रभाव अधिक होता है।

यदि अनावृत हिस्सों की उचित देखभाल नहीं की जाए तो असमय में न केवल यह कांतिहीन हो जाती हैं बल्कि इनमें झुर्रियां भी पड़ने लगती हैं। कुछ समय पश्चात आप सुंदर होते हुए भी कांतिहीन होने लगते हैं। आप अपनी सुन्दरता को कायम रख सकें, इसके लिए नित्य देखभाल की अत्यंत आवश्यकता है।

- सर्दियों के मौसम में आप साबुन का प्रयोग कम कर दें। ग्लिसरीन साबुन का प्रयोग कभी-कभार कर सकती हैं। घर पर ही अन्य उपायों द्वारा चेहरे व शरीर की सफाई के लिए उबटन का प्रयोग कर सकती हैं। बेसन या जौ के आटे के साथ कच्चा दूध व थोड़ी सी मलाई का प्रयोग उत्तम है। शरीर में इसका प्रयोग हफ्ते में तीन दिन कर सकती हैं। इसके अतिरिक्त लैक्मे, निविया, अयूर जैसी कंपनियों के क्लीजिंग मिल्क मिलते हैं, जिसे आप पहले चेहरे फिर हाथों में लगाने के पश्चात गीली रूई की सहायता से त्वचा की सफाई कर सकती हैं। इससे रोमछिद्रों में छिपा हुआ मैल पूर्णतः साफ हो जाएगा। चेहरे को हल्के गर्मी पानी से धो लें। स्नान के लिए भी आप कुनकुने पानी का ही प्रयोग करें। अति गरम या अति ठंडे पानी का प्रयोग त्वचा को नुकसान पहुंचाता है।
- उबटन लगा कर स्नान के पश्चात आप बॉडी लोशन लगाना न भूलें। लोशन का प्रयोग संभव नहीं है तो ग्लिसरीन नींबू के रस व गुलाबजल के बराबर अनुपात में लोशन स्वयं घर पर ही तैयार कर शीशी में रख सकती हैं।
- इसके अतिरिक्त शहद के बने फेस पैक का प्रयोग सर्दियों में त्वचा को नमी प्रदान करने के लिए उत्तम सिद्ध हुआ है। हफ्ते में एक बार बादाम के तेल या जैतून के तेल में विटामिन ई ऑयल की कुछ बूंदें डाल कर चेहरे की मालिश करें तथा दस पंद्रह मिनट तक भाप लें। भाप लेते समय बेहतर परिणाम के लिए पानी में गेंदे का फूल या पुदीने की पत्तियां भी डाल सकती हैं।
- इसके अतिरिक्त फटे होठों के लिए आप वैसलीन, एंटीसेप्टिक क्रीम के अतिरिक्त नाभि में सरसों का तेल लगा कर लाभ पा सकती हैं। मलाई, ग्लिसरीन आदि के साथ साथ शुद्ध घी में विटामिन ऑयल की कुछ बूंदें डाल कर सोने से पूर्व मालिश करके सोएं। इससे लाभ होगा।
- सर्दियों में फटी एड़ियां तो आम शिकायत है जिसके लिए एड़ियों में पहले मोम सरसों के तेल में पिघला कर लगाएं। पेट्रोलियम जैली भी फायदेमंद होती है। यथासंभव मोजे पहनें। नियमित सफाई से मरी चमड़ी एड़ियों पर जम नहीं पाती हैं जिससे एड़ियों के फटने की शिकायत कम रहती है।
- बालों की समस्या भी सर्दियों में आम समस्या है। खुश्की से हर दूसरा व्यक्ति परेशान रहता है। इसके लिए आप दो-तीन बातों को ध्यान में रख कर इस समस्या से निदान पा सकती हैं। हेयर ड्रायर का प्रयोग यथासंभव कम कर दें। बाल धोने से एक घंटे पूर्व नींबू व नारियल तेल की मालिश करें तथा शैम्पू से बाल धो लें। एक कटोरी में पानी व सफेद सिरके के बराबर अनुपात का लोशन बनाकर बालों की जड़ों पर लगाएं तथा बीस मिनट के पश्चात शैम्पू से धोकर रूसी से निदान पा सकते हैं।
- खट्टे दही का प्रयोग रूसी की समस्या के लिए कारगर सिद्ध हुआ है बालों की जड़ों पर तेल की मालिश व गरम तौलिए का भाप भी उत्तम माना गया है।
- माइचराइजर युक्त ब्लशर व लिपस्टिक का प्रयोग सर्दियों के लिए उत्तम है। खान-पान दूध व विटामिन-सी का प्रयोग अधिक करें। इससे त्वचा की आभा बनी रहती है (स्वा.द.)

# आश्वासन पर न करें विश्वास

किशन लाल शर्मा



पहले मर्द-औरत के मिलने के अवसर बहुत कम थे और बिना शादी के एक छत के नीचे रहने की तो कल्पना भी नहीं की जा सकती थी लेकिन आजकल मर्द-औरत के मिलने के अवसर बढ़े हैं। जीवन के हर क्षेत्रा में औरत मर्द के कंधे से कंधा मिलाकर चल रही है।

पहले बिना शादी के मर्द औरत साथ नहीं रहते थे परंतु आजकल लिव इन रिलेशन का जमाना आ गया है। बिना शादी के मर्द-औरतों के साथ रहने का प्रचलन बढ़ रहा है। विपरीत लिंग एक दूसरे से ज्यादा दिनों तक दूर नहीं रह सकते। जब एक छत के नीचे रहेंगे तो कब तक मर्द औरत एक दूसरे से दूर नहीं रह सकते हैं? एक न एक दिन ऐसी स्थिति आ सकती है कि दोनों के बीच शारीरिक संपर्क स्थापित हो जाएं जैसा इस उदाहरण में हुआ। यहां मैंने सिर्फ एक उदाहरण दिया है। आप ढूंढने लगे तो ऐसे हजारों उदाहरण आपको मिल जाएंगे।

सब मर्दो की प्रवृत्ति व मनोवृत्ति एक सी होती है। हर मर्द शादी से पहले औरतों से संबंध जोड़ना चाहता है लेकिन वह चाहता है, उसकी पत्नी सुहागरात को कुंवारी हो यानी शादी से पहले उसके किसी मर्द से शारीरिक संबंध न रहे हो।

अगर शादी के बाद पति को पता चले कि उसकी पत्नी के शादी से पहले किसी मर्द से शारीरिक संबंध थे तो वह यह बात बर्दाश्त नहीं कर पाता। या तो वह पत्नी को त्याग देता है या आजीवन पत्नी को प्रताड़ित करता रहता है।

अगर पति के शादी से पूर्व किसी औरत से शारीरिक संबंध हों तो पत्नी पति का कुछ नहीं कर पाती। उसे पति को संपूर्ण रूप से स्वीकार करना होता है।

कहने का मतलब बहुत सीधा है। शादी से पूर्व किसी औरत के साथ शारीरिक संबंध बनाने पर मर्द का कुछ नहीं बिगड़ता लेकिन शादी से पहले औरत समर्पण करके हमेशा घाटे में रहती है।

इसलिए औरतों को सावधान रहना चाहिए। केवल शादी के आश्वासन पर समर्पण न करें। हो सकता है शादी का आश्वासन सिर्फ आश्वासन रह जाए। अगर आपने शादी के आश्वासन पर समर्पण कर दिया और शादी नहीं हुई तो?

लिव इन रिलेशन में मर्द के साथ ही औरत क्यों रहे? औरत औरत के साथ भी तो लिव इन रिलेशन में रह सकती है। ऐसा होने पर कम से कम समर्पण की स्थिति तो उत्पन्न नहीं होगी।

ध्यान रखिए। लिव इन रिलेशन में मर्द के साथ रहने से बचें। अगर रहना ही पड़े तो शादी के आश्वासन पर समर्पण से बचें। (उर्वशी)

## रेसिपी कार्नर: मक्के की रोटी सरसों का साग






सर्दियों का मौसम आते ही खाने में देसी और पारंपरिक स्वाद की चाह अपने आप बढ़ जाती है। ठंडी हवाओं के बीच अगर घर पर गरमागरम और पौष्टिक खाना मिल जाए, तो सर्दी का मजा दोगुना हो जाता है। ऐसे में मक्के की रोटी और सरसों का साग उत्तर भारत की सबसे पसंदीदा विंटर डिश मानी जाती है।

ये न केवल स्वाद से भरपूर होता है, बल्कि सेहत के लिए भी बेहद फायदेमंद माना जाता है। सरसों का साग शरीर को गर्म रखता है और मक्के की रोटी एनर्जी से भरपूर होती है।

तो अगर आप भी बाहर की ठंड से बचते हुए घर पर ही सर्दी का आनंद लेना चाहते हैं, तो इस पारंपरिक रेसिपी को आसानी से घर पर बना सकते हैं। खास बात यह है कि इसे बनाने के लिए ज्यादा सामग्री या मेहनत की जरूरत नहीं होती, फिर भी इसका स्वाद लाजवाब होता है।

### साग बनाने की सही विधि

आपको सबसे पहले साग तैयार करना है। इसके लिए इसके लिए 250-300 ग्राम सरसों के पत्ते, 100 ग्राम पालक और 50 ग्राम बथुआ को अच्छे से धोकर काट लें। अब अदरक-लहसुन पेस्ट और 2-3 हरी मिर्च डालकर सभी सब्जियों को उबालें। आप चाहें तो हल्का सा नमक डालकर स्वाद बढ़ा सकते हैं। अब साग को उबालने के बाद इसे ठंडा होने दें और दरदरा पीस लें। बहुत ज्यादा महीन पीसने से साग पतला हो जाता है।

कढ़ाही में 2-3 बड़े चम्मच घी गरम करें। इसमें 1 बारीक कटा प्याज डालकर सुनहरा होने तक भूनें।अब इसमें पीसा हुआ साग डालें और धीमी आंच पर 10-15 मिनट पकाएं। इसी दौरान इसमें स्वादानुसार नमक और लाल मिर्च पाउडर डाल सकते हैं। साग को बीच-बीच में हिलाते रहें। आखिर में ऊपर से 1 बड़ा चम्मच मक्खन डालें। इसमें सूखी लाल मिर्च का तड़का अवश्य लगाएं।

### मक्के की रोटी बनाने की विधि

2 कप मक्के के आटे में थोड़ा सा नमक डालें। गुनगुना पानी धीरे-धीरे डालकर नरम, थोड़ा टूटता-फूटता आटा गूंथ लें। ध्यान दें कि मक्के का आटा साधारण तरह से नहीं गूंथा जा सकता, इसलिए इसे थोड़ा संभलकर गूंथें। हाथों को सूखा रखकर आटे की छोटी लोइयां बनाएं। लोई को हथेली में दबाकर या बेलन से हल्का सा गोल आकार दें।

अगर फट जाए तो हाथ से सुधारें। तवा गरम करके रोटी को दोनों तरफ से अच्छी तरह सेक लें। सेकते समय हल्का सा घी लगाएं ताकि स्वाद बढ़े और रोटी मुलायम रहे। बस अब गरम साग के साथ मक्के की रोटी को सर्व करें।

# दांपत्य संबंधों की डोर मजबूती से बंधी रहे

उषा जैन 'शीरीं'



न केवल पति पत्नी बल्कि प्रेमी प्रेमिका को भी खासकर संबंधों के शुरूआती दौर में जबकि वे एक दूसरे को अभी ठीक से जानते भी नहीं हैं, बातचीत में सतर्कता रखनी जरूरी है। कुछ बातें ऐसी भी होती हैं जिन्हें न बोलना ही श्रेयस्कर होता है।

चंचल स्वभाव की शोख अल्हड़ लड़कियां अक्सर जोश में होश खो बैठती हैं। किसी के दिल पर चोट करने वाला मजाक-मजाक नहीं, क्रूरता है। किसी के शारीरिक दोष या मजबूरी पर हंसना आपके घटिया स्वभाव का परिचायक है।

वक्त किसी पर कुछ भी जुल्म ढा सकता है। आपके साथ हमेशा सब कुछ सही ही होता रहेगा, इस बात की क्या गारंटी है? इसलिए समय रहते संभल जाइए और बाज आइए ऐसी असंवेदनशीलता से। अपने पर हंसना आपका सैंस ऑफ ह्यूमर दर्शाता है। आपके सुसंस्कृत होने का प्रतीक है।

कई बार देखा गया है कि अनजाने ही ला-परवाही से कहा गया कोई शब्द या बात दूसरे को गहरी चोट पहुंचा जाती है। हो सकता है जो आपके मुंह से निकला हो, वैसा आप न सोचते हों। कभी आप अपनी बात ठीक से नहीं कर पाने के कारण गलत बोले हों। कभी-कभी इम्प्रेस करने के फेर में अति उत्साहित होकर आपके मुंह से कोई बेजा बात निकल जाए लेकिन अब चुप्पी मार के बैठे रहने से भी बात नहीं बनेगी।

यह आपको स्वयं सीखना है कि कैसे और कब, क्या कहें क्या न कहें यानी किन बातों को डिस्कस करना या एवॉएड करना चाहिए। जिनमें दूसरों की भावनाओं को समझ पाने की जन्मजात गुण होता है वे रिश्ते बनाने और उन्हें कायम रखने में कम ही असफल होंगे।

हर व्यक्ति सुख चाहता है जिसे वह जहां मिलने की संभावना हो, तलाशता है। उसी प्रकार स्त्री-पुरूष संबंधों में भी आपस में वे एक दूसरे में आराम और खुशी ढूंढते हैं। एक वीपिंग पिलो प्रेमी या प्रेमिका अपने चाहनेवाले को शीघ्र ही बोर करने लगेंगे, इसलिए अच्छा यही है कि अपनी छोटी मोटी समस्याओं का रोना संबंधों के प्रारंभिक दिनों में बिलकुल न रोया जाए, खासकर तब जब कि आप जानते हैं कि दूसरा इसमें कुछ नहीं कर सकता।

आप निस्संदेह पढ़ी लिखी होने के कारण काफी कुछ जानकारी रखती हैं लेकिन इसे लेकर व्यर्थ का अहंकार पाल बड़बोलापन न दिखाएं। आपकी तीव्र पसंद नापसंद हो सकती है लेकिन उसे उसी ढंग से उजागर करने का यह समय नहीं है।

अपनी रूचि की बातों के बजाए साथी के इंट्रेस्ट की बातें उसे ज्यादा लुभाएंगी। यह एक मनोवैज्ञानिक तथ्य है। अधिकांश लोग अपने बारे मे बातें करना पसंद करते हैं। शिष्टाचार सब का मन मोह लेता है। शिष्ट बनें। जीवन की बाजी व्यावहारिक लोग ज्यादा आसानी से जीत लेते हैं, इसलिए व्यावहारिकता अपनायें। संबंधों को मजबूत बनाने के गुर आपके हाथ आ ही गए हैं। (उर्वशी)

## भारत-बांग्लादेश के बीच राजनीतिक तनाव के कारण द्विपक्षीय क्रिकेट पर संदेह



**नयी दिल्ली:** भारत और बांग्लादेश के बीच बिगड़ते राजनयिक संबंधों के कारण दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय क्रिकेट कुछ समय के लिए ठप पड़ सकता है और बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) द्वारा कार्यक्रम की घोषणा के बावजूद भारतीय टीम के दौरे की संभावना कम है। बीसीबी ने शुक्रवार को घोषणा की कि सितंबर में दोनों देशों के बीच सीमित ओवरों की छह मैचों की श्रृंखला खेली जाएगी। उसने बीसीसीआई से परामर्श करने का दावा करते हुए तारीखों की घोषणा भी की। बीसीबी के कार्यक्रम के अनुसार भारतीय टीम के 28 अगस्त को बांग्लादेश पहुंचने के बाद एक, तीन और छह सितंबर को तीन वनडे मैच खेलेगी जबकि टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच नौ, 12 और 13 सितंबर को खेले जाएंगे। यह श्रृंखला मूल रूप से पिछले साल आयोजित होने वाली थी लेकिन भारतीय बोर्ड की सुरक्षा चिंताओं के कारण इसे अनिश्चितकाल के लिए रद्द कर दिया गया था। विश्वसनीय सूत्रों से पता चला है कि बीसीसीआई इस बार भी सहयोग करने के लिए तैयार नहीं है, जिसका एक बड़ा संकेत आईपीएल फ्रेंचाइजी कोलकाता नाइट राइडर्स को तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान को टीम से 'रिलीज' करने का निर्देश देना है। बांग्लादेश पिछले छह महीने से राजनीतिक हिंसा की चपेट में है और बीसीसीआई इस अस्थिरता की स्थिति में इस देश के दौरे का जोखिम नहीं लेना चाहता है। बांग्लादेश को हालांकि अगले महीने से ही टी20 विश्व कप मैचों के लिए भारत आना है। बीसीसीआई के निर्देशों पर रहमान को आईपीएल से 'रिलीज' किए जाने के बाद बीसीबी का इस पर रुख सबकी नजरों में रहेगा। हालात अगर और बिगड़ते हैं तो भारत और पाकिस्तान के बीच जैसी स्थिति उत्पन्न होना पूरी तरह से इनकार नहीं किया जा सकता है। भारत और पाकिस्तान अपने सभी आईसीसी मैच तटस्थ मैदानों पर खेलते हैं क्योंकि पिछले साल पहलगाम आतंकी हमले के बाद उनके संबंध और भी खराब हो गए हैं।

## मोदी वाराणसी में राष्ट्रीय वॉलीबॉल टूर्नामेंट का उद्घाटन करेंगे

**नयी दिल्ली:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रविवार को वाराणसी के 'डॉ. संपूर्णानंद स्पोर्ट्स स्टेडियम' में 72वें राष्ट्रीय वॉलीबॉल टूर्नामेंट का उद्घाटन करेंगे। चार से 11 जनवरी तक चलने वाले इस टूर्नामेंट में पूरे देश से 1,000 से अधिक खिलाड़ी भाग लेंगे। टूर्नामेंट में विभिन्न राज्यों और संस्थानों का प्रतिनिधित्व करने वाली 58 टीम खिताब के लिए चुनौती पेश करेंगी। यहां जारी आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार इस टूर्नामेंट में भारतीय वॉलीबाल में उच्च स्तरीय प्रतिस्पर्धा, खेल भावना और प्रतिभा का प्रदर्शन होने की उम्मीद है। इसमें कहा गया है कि वाराणसी में 72वें राष्ट्रीय वॉलीबाल टूर्नामेंट की मेजबानी यह दर्शाता है कि शहर में खेल अवसंरचना को मजबूत करने के साथ खेल विकास को बढ़ावा देने पर जोर दिया जा रहा है। बयान के मुताबिक यह शहर को प्रमुख राष्ट्रीय आयोजनों के केंद्र के रूप में और अधिक प्रतिष्ठित बनाता है। यह महत्वपूर्ण सांस्कृतिक और खेल प्रतियोगिताओं की मेजबानी में इसकी बढ़ती भूमिका के अनुरूप है।

# पडिक्कल का सत्र का चौथा शतक, कर्नाटक ने त्रिपुरा को 80 रन से हराया



**अहमदाबाद:** भारतीय टीम से बाहर चल रहे बल्लेबाज देवदत्त पडिक्कल ने विजय हजारे ट्रॉफी में शानदार फॉर्म जारी रखते हुए सत्र का अपना चौथा शतक जमाया, जिससे कर्नाटक ने ग्रुप ए के मुकाबले में त्रिपुरा को 80 रन से हराकर अपनी पांचवीं जीत दर्ज की।पडिक्कल ने 120 गेंद में 108 रन की सधी हुई पारी खेली। शुरुआती झटकों के बाद उन्होंने पारी को संभालते हुए कर्नाटक को सात विकेट पर 332 रन के मजबूत स्कोर तक पहुंचाया। कप्तान मयंक अग्रवाल (5) और करुण नायर (0) के जल्दी आउट होने के बाद पडिक्कल ने रविचंद्रन स्मरण के साथ तीसरे विकेट के लिए 136 रन की अहम साझेदारी की। इसके बाद केएल राहुल (35) और अंत में अभिनव मनोहर (नाबाद 79) ने रन गति को और तेज किया।जवाब में त्रिपुरा की शुरुआत बेहद खराब रही और शीर्ष पांच बल्लेबाज मात्र 59 रन पर पवेलियन लौट गए। मध्यक्रम में स्वप्निल सिंह ने लिस्ट ए करियर का सर्वश्रेष्ठ 100 रन बनाकर संघर्ष किया और रजत डे (66) के साथ छठे विकेट के लिए 107 रन जोड़े, लेकिन टीम 252 रन पर सिमट गई।अन्य मुकाबलों में राजस्थान ने तमिलनाडु को 10 रन से हराया, जबकि संजू सैमसन (101) और रोहन कुन्नुमल (124) की शानदार सलामी साझेदारी की बदौलत केरल ने झारखंड को आठ विकेट से पराजित किया।

## सिराज की न्यूजीलैंड श्रृंखला से वनडे में वापसी, श्रेयस की भागीदारी फिटनेस पर निर्भर

**नयी दिल्ली:** अनुभवी भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज ने न्यूजीलैंड के खिलाफ होने वाली तीन मैचों की घरेलू एकदिवसीय श्रृंखला के लिए चुनी गई 15 सदस्यीय भारतीय टीम में वापसी की है। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पिछली घरेलू वनडे श्रृंखला में नजरअंदाज किए गए सिराज की टीम में दोबारा एंट्री हुई है। वहीं श्रेयस अय्यर की उपलब्धता उनकी फिटनेस मंजूरी पर निर्भर करेगी।नवंबर में ऑस्ट्रेलिया दौरे के दौरान तिल्ली (स्प्लीन) में चोट के कारण अस्पताल में भर्ती रहे श्रेयस अय्यर को बीसीसीआई के उत्कृष्टता केंद्र (सीओई) से फिटनेस क्लियरेंस लेना होगा। इसके लिए उन्हें इस महीने विजय हजारे ट्रॉफी में अपनी मैच फिटनेस साबित करनी होगी। बीसीसीआई ने स्पष्ट किया है कि अय्यर की टीम में भागीदारी सीओई की मंजूरी के बाद ही तय होगी।दिग्गज ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या को सीओई ने एक मैच में 10 ओवर गेंदबाजी की अनुमति नहीं दी है, इसलिए चयनकर्ताओं ने आगामी आईसीसी टी20 विश्व कप को ध्यान में रखते हुए उन्हें इस श्रृंखला से बाहर रखा है। श्रृंखला का पहला मैच 11 जनवरी को वडोदरा में खेला जाएगा, जबकि अन्य दो मुकाबले 14 जनवरी को राजकोट और 18 जनवरी को इंदौर में होंगे।टीम में कप्तानी की जिम्मेदारी शुभमन गिल संभालेंगे। रोहित शर्मा और विराट कोहली की मौजूदगी से दर्शकों की भारी भीड़ जुटने की उम्मीद है। विकेटकीपर के रूप में केएल राहुल और ऋषभ पंत को शामिल किया गया है, जबकि तेज गेंदबाजी आक्रमण की अगुवाई सिराज, अर्शदीप सिंह और हर्षित राणा करेंगे।

## पंत के अर्धशतक से दिल्ली की बड़ी जीत, अक्षर का गुजरात के लिए शतक



**बेंगलुरु:** भारतीय विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत ने खराब फॉर्म से उबरते हुए नाबाद अर्धशतक जमाया, जिससे दिल्ली ने विजय हजारे ट्रॉफी ग्रुप डी के मुकाबले में सेना को आठ विकेट से हराकर जोरदार वापसी की। दिल्ली ने 178 रन के लक्ष्य को मात्र 19.4 ओवर में हासिल कर लिया।सलामी बल्लेबाज प्रियांश आर्य ने 45 गेंदों पर नाबाद 72 रन बनाए, जबकि पंत ने 37 गेंदों में नाबाद 67 रन की आक्रामक पारी खेली। दोनों ने मिलकर 85 रन की अटूट साझेदारी कर 20 ओवर से पहले ही जीत सुनिश्चित कर दी। इस जीत से दिल्ली का नेट रन रेट काफी सुधरा और टीम 16 अंकों के साथ तालिका में शीर्ष पर पहुंच गई।इससे पहले सेना की बल्लेबाजी हर्षित राणा (4/47) और प्रिंस यादव (3/28) की घातक गेंदबाजी के सामने टिक नहीं सकी और पूरी टीम 42.5 ओवर में 177 रन पर सिमट गई।अन्य मुकाबले में अक्षर पटेल ने लिस्ट ए क्रिकेट का पहला

## पाकिस्तान ने आईसीसी को टी20 विश्व कप के लिए संभावित टीम सौंपी

**लाहौर:** पाकिस्तान ने टी20 विश्व कप के लिए अपनी 15 सदस्यीय संभावित टीम अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) को सौंप दी है, लेकिन अभी तक इसे सार्वजनिक नहीं किया है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के एक विश्वसनीय सूत्र ने यह जानकारी दी। आईसीसी ने इस टूर्नामेंट में खेलने के लिए सभी टीमों से एक जनवरी तक अपनी संभावित टीम सौंपने के लिए कहा था और पीसीबी ने निर्धारित समय सीमा के भीतर प्रक्रिया पूरी कर ली थी। सभी टीमों को 31 जनवरी तक अपनी संभावित टीम में बदलाव करने की अनुमति है। उसके बाद किसी भी तरह के बदलाव के लिए आईसीसी की टूर्नामेंट तकनीकी समिति से मंजूरी लेनी पड़ेगी। सूत्रों के अनुसार पाकिस्तान की संभावित टीम में चोटिल तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी, पूर्व कप्तान बाबर आजम और ऑलराउंडर शादाब खान भी शामिल हैं।

## हार्दिक की शतकीय पारी के बावजूद बड़ौदा की करारी हार



### हार्दिक पंड्या ने एक ओवर में पांच छक्के जड़े और 133 रन बनाए

**राजकोट:** हार्दिक पंड्या की 92 गेंद में 133 रन की आक्रामक पारी के बावजूद बड़ौदा को विजय हजारे ट्रॉफी ग्रुप बी मैच में शनिवार को यहां विदर्भ के खिलाफ नौ विकेट की करारी शिकस्त का सामना करना पड़ा। हार्दिक ने अपनी पारी में आठ छक्के और 11 चौके जड़े। उन्होंने इस दौरान पारी के 39वें ओवर में लगातार पांच छक्के और एक चौका भी लगाया। बड़ौदा का स्कोर एक समय पांच विकेट पर 71 रन था लेकिन इसके बाद हार्दिक ने अपना कमाल दिखाते हुए टीम को नौ विकेट पर 293 रन तक पहुंचा दिया। विदर्भ ने हालांकि लक्ष्य का पीछा करते हुए आसानी से जीत हासिल कर ली। अमन मोखाडे ने 121 गेंदों में 150 रन बनाकर नाबाद रहे और ध्रुव शोरे ने 76 गेंदों में 65 रन का योगदान दिया। टीम ने 294 रनों का लक्ष्य 41.4 ओवरों में ही हासिल कर लिया। विदर्भ की यह पांच मैचों में चौथी जीत थी, जबकि बड़ौदा को पांच मैचों में दूसरी हार का सामना करना पड़ा। इस प्रतियोगिता में अपना पहला मैच खेल रहे हार्दिक ने सातवें नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए तूफानी पारी खेली। इस तरह से वह अपने 119 वें मैच में लिस्ट ए में अपना पहला शतक जमाने में सफल रहे। हार्दिक ने 39वें ओवर में विदर्भ के स्पिनर पार्थ रेखाडे को निशाना बनाया। उन्होंने इस ओवर में कुल 34 रन बटोरे, जिसमें पांच छक्के और एक चौका शामिल था। उन्होंने पहली पांच गेंदों पर छक्के लगाए लेकिन आखिरी गेंद पर चौका ही लगा सके। हार्दिक के दबदबे का अंदाजा इससे भी लगाया जा सकता है कि बड़ौदा की तरफ से दूसरा सर्वोच्च स्कोर विष्णु सोलंकी का था जिन्होंने 26 रन बनाए। ग्रुप के अन्य मैच में हैदराबाद ने राजकोट में तिलक वर्मा की 109 गेंद में 118 रन की पारी के बूते नौ विकेट पर 286 रन बनाने के बाद चंडीगढ़ की पारी को 150 रन पर समेट कर 136 रन की बड़ी जीत दर्ज की।







वर्ष 10, पूर्णांक 3463 अंक 273, RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सरोज राय द्वारा रजि. 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित। सम्पादक- अनिल कुमार राय (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), कॉर्पोरेट आफिस : 230, चित्तरंजन एवेन्यू, कोलकाता-700 006, विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in